शनिवार, 30 नवम्बर 2024

मौसम

तापमान 28 – 19
आर्द्रता 55%
सूर्योदय: 5:59 सूर्यास्त: 16:51

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : दुनिया की कोई ताकत झुका ना सके ये दुआ जरूर मांगना।



आईसीसी का पीसीबी को अल्टीमेटम: हाइब्रिड मॉडल स्वीकार करो या पाक के बिना होगी चैंपियंस ट्रॉफी -पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# भारत का कड़ा रुख, बांग्लादेश सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा करे



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

**नयी दिल्ली :** भारत ने बांग्लादेश में उग्र बयानबाजी और हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। भारत ने यह भी आशा व्यक्त की कि बांग्लादेश में राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास से संबंधित मामले को न्यायसंगत, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटाया जाएगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद को बताया कि भारत ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं को गंभीरता से लिया है और अल्पसंख्यकों सहित सभी नागरिकों के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा करना बांग्लादेश की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अगस्त में बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधों में तनाव पैदा हो गया है। भारत उस देश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हमलों को लेकर चिंता व्यक्त करता रहा है। जयशंकर ने कहा, ''अल्पसंख्यकों सहित बांग्लादेश के सभी नागरिकों के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा की प्राथमिक जिम्मेदारी बांग्लादेश सरकार की है।'' उन्होंने कहा कि ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों से संबंधित स्थिति पर ''बारीकी से'' नजर रख रहा है। विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए सभी कदम उठाने का आह्वान किया और उम्मीद जताई कि गिरफ्तार चिन्मय कृष्ण दास से जुड़े मामले को न्यायसंगत, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटाया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश सरकार के समक्ष हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ खतरों और ''लक्षित हमलों'' का मुद्दा लगातार और दृढ़ता से उठाया है। उन्होंने कहा, ''इस मामले पर हमारा रुख स्पष्ट है। अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।'' जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ''हम आक्रामक बयानबाजी, हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं से चिंतित हैं। इन घटनाक्रम को केवल यह कहकर खारिज नहीं किया जा सकता कि मीडिया में बढा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है।'' उन्होंने कहा, ''हम एक बार फिर बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए सभी कदम उठाने का आह्वान करते हैं।''

## बांग्लादेश ने गिरफ्तार हिंदू नेता सहित 17 लोगों के बैंक खातों से लेन-देन पर लगाई रोक

**ढाका :** बांग्लादेश के वित्तीय अधिकारियों ने इस्कॉन के पूर्व सदस्य चिन्मय कृष्ण दास सहित इस धार्मिक संस्था से संबद्ध 17 लोगों के बैंक खातों से लेन-देन पर 30 दिन के लिए रोक लगाने का आदेश दिया है। मीडिया में शुक्रवार को आई खबर में यह जानकारी दी गई। दास को राजद्रोह के आरोप में इस हफ्ते की शुरूआत में गिरफ्तार कर लिया गया था। 'प्रथम आलो' अखबार की खबर के मुताबिक, बांग्लादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों को बृहस्पतिवार को ये निर्देश जारी करते हुए इन खातों से सभी तरह के लेन-देन पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी।

## बांग्लादेश ने भारत पर अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर 'दोहरे मापदंड' अपनाने का आरोप लगाया

**ढाका :** बांग्लादेश ने शुक्रवार को दावा किया कि भारत अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा पर 'दोहरे मानदंड' अपना रहा है और पड़ोसी देश (भारत) की मीडिया पर ढाका के खिलाफ 'बहुत बड़े पैमाने पर दुष्प्रचार अभियान' चलाने का आरोप लगाया। देशद्रोह के आरोप में हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी को लेकर उपजे विवाद के बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कानून मामलों के सलाहकार आसिफ नजरूल ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि बांग्लादेश को लेकर भारत की गैर वाजिब चिंता जारी है। नजरूल ने लिखा, ''भारत में अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के प्रति क्रूरता की अनगिनत घटनाओं का होना जारी है। लेकिन उन्हें (उन घटनाओं पर) कोई पछतावा या शर्मिंदगी नहीं है। भारत का यह दोहरा मानदंड निंदनीय और आपत्तिजनक है।''

## ब्रिटेन के सांसद ने बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न का मामला संसद में उठाया

**लंदन :** ब्रिटेन के संसद सदस्य और ब्रिटिश हिंदुओं के ऑल पार्टी पार्लियामेंट्री ग्रुप (एपीपीजी) के अध्यक्ष बॉब ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित हमलों को लेकर संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में चिंता जताई। संसद सत्र के दौरान बृहस्पतिवार को, उत्तरी लंदन में हैरो ईस्ट के सांसद ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के कथित उत्पीड़न और हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास को जेल भेजने की निंदा की। ब्लैकमैन ने सांसदों को बताया, उन्हें (दास) बांग्लादेश में गिरफ्तार किया गया है और पूरे बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या की जा रही है, उनके घरों और मंदिरों को जलाया जा रहा है। उन्होंने कहा बांग्लादेश के उच्च न्यायालय में यह फैसला देने का प्रयास किया गया कि इस्कॉन को देश से प्रतिबंधित कर दिया जाना चाहिए, जो हिंदुओं पर सीधा हमला है।

# बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट की तैयारी को लेकर बैठक

- बैठक में मुख्यमंत्री, उद्योगपति, राज्य के ब्रांड एंबेसडर सौरव, कई महावाणिज्यदूत, मंत्री व नौकरशाह उपस्थित थे



**कोलकाता :** अगले साल फरवरी में आयोजित किए जाने वाले बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) की तैयारी को लेकर शुक्रवार को अलीपुर स्थित सौजन्य हाउस में बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, राज्य के उद्योगपति, राज्य के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर सौरव गंगोपाध्याय तथा कोलकाता में कई देशों के दूतावासों के महावाणिज्यदूत भी उपस्थित थे। जैसा कि अपेक्षित था, टालीवुड का कोई भी सितारा नजर नहीं आया। अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता फिल्म महोत्सव के अध्यक्ष और निदेशक गौतम घोष ने बांग्ला फिल्म जगत प्रकाश डाला। बैठक में मौजूद उद्योगपति संजीव गोयनका ने कहा कि हम देश के 22 राज्यों में कारोबार करते हैं, लेकिन बंगाल जैसा उद्योग अनुकूल माहौल देश के किसी भी राज्य में नहीं है। सौरव ने कहा कि बंगाल में तीसरी स्टील फैक्ट्री बना रहे हैं। वहां 2500 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। बैठक में हर्ष वर्धन नेवटिया, संजीव पुरी, संजय बुधिया, उमेश चौधरी, रमेश जुनेजा, दिलीप दुगर, मेहुल मोहनका, रुद्र चट्टोपाध्याय, सीडब्ल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार जैसे उद्योगपति मौजूद थे। मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार और पूर्व वित्त मंत्री अमित मित्रा, मुख्य सचिव मनोज पंत, गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा, एडीजी (कानून व्यवस्था) जावेद शमीम, मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अलापन बनर्जी उपस्थित थे। मंत्रियों में उद्योग मंत्री शशि पांजा, अरूप विश्वास, फिरहाद हकीम, इंद्रनील सेन, सुजीत बोस शामिल थे। कई वर्तमान और पूर्व नौकरशाह मौजूद थे। गौरतलब है कि तीसरी बार सत्ता में आने के बाद ममता ने साफ कर दिया है कि इस बार उनका लक्ष्य बंगाल में अधिक निवेश आकर्षित करना है।

## स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ हिंसा से निपटने के लिए केंद्रीय कानून की जरूरत नहीं: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा को सूचित किया कि कई राज्यों ने स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ हिंसा से निपटने के लिए पहले ही कानून बना लिए हैं, जबकि गंभीर अपराधों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के दायरे में रखा गया है, ऐसे में स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए किसी केंद्रीय कानून की आवश्यकता नहीं है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, 'स्वास्थ्य' और 'कानून व्यवस्था' राज्य के विषय हैं।

## भारत फिर बना संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग का सदस्य

**न्यूयॉर्क :** भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग के सदस्य के रूप में फिर से चुना गया है। आयोग में भारत का वर्तमान कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग (पीबीसी) के लिए फिर से चुना गया है। संस्थापक सदस्य और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में भारत वैश्विक शांति और स्थिरता की दिशा में काम करने के वास्ते पीबीसी के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।''

# ईडी ने 2,800 करोड़ रुपये के चिटफंड घोटाले में पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया



**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कथित तौर पर 2,800 करोड़ रुपये के चिटफंड घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में कोलकाता में एक व्यक्ति और उसके बेटे को गिरफ्तार किया है। एक बयान में कहा गया कि विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने प्रयाग ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रवर्तक बासुदेब बागची और उनके बेटे अविक बागची को दस दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी ने 26 नवंबर को कोलकाता और मुंबई में इन दोनों और कुछ अन्य के परिसरों पर छापेमारी की थी। इन दोनों पर मासिक आय योजना (एमआईएस), ''रिडीमेबल'' तरजीही शेयर और क्लब सदस्यता प्रमाणपत्र जैसी ''झूठी'' उच्च-रिटर्न योजनाओं के तहत 2,800 करोड़ रुपये की जमा राशि एकत्र करके जनता को ''धोखा'' देने का आरोप है। ईडी ने कहा कि अब तक निवेशकों को 1,900 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया गया है। प्रयाग समूह की कंपनियों ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) जैसी नियामक संस्थाओं से आवश्यक अनुमति के बिना ''अवैध रूप से'' काम किया, जिससे कई राज्यों के लाखों निवेशक प्रभावित हुए। एजेंसी ने कहा कि निवेशकों से एकत्रित धन से हेराफेरी करते हुए प्रवर्तकों ने इसका इस्तेमाल बाद में विभिन्न संपत्तियों को खरीदने के लिए किया। बयान में कहा गया, ''ईडी धोखाधड़ी से अर्जित धन से अर्जित संपत्तियों का पता लगाने के लिए आरोपियों से पूछताछ करेगी। यह कार्रवाई घोटाले से जुड़ी संपत्तियों का पता लगाने और उन्हें बरामद करने के ईडी के प्रयासों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सही निवेशकों और पीड़ितों को धन वापस दिलाना है।''

## अदाणी मामले में भारत ने कहा, यह निजी कंपनियों और अमेरिकी न्याय विभाग से जुड़ा कानूनी मसला है

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी अभियोजकों द्वारा उद्योगपति गौतम अदाणी और कुछ अन्य पर रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी का आरोप लगाए जाने के कुछ दिनों बाद भारत ने शुक्रवार को कहा कि यह निजी कंपनियों और कुछ व्यक्तियों तथा अमेरिकी न्याय विभाग से जुड़ा एक कानूनी मामला है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार को इस मुद्दे के बारे में पहले से सूचित नहीं किया गया था। अमेरिका में अभियोजकों द्वारा उद्योगपति पर कथित धोखाधड़ी का आरोप लगाए जाने के बाद पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया में विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत को मामले में सहयोग के लिए अभी तक कोई संचार नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार फिलहाल किसी भी तरह से मामले का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा, ''यह निजी कंपनियों और व्यक्तियों तथा अमेरिकी न्याय विभाग से जुड़ा एक कानूनी मामला है। ऐसे मामलों में स्थापित प्रक्रियाएं और कानूनी तरीके हैं, हमारा मानना है कि उनका पालन किया जाएगा।''

# न्यायालय ने संभल मस्जिद विवाद में निचली अदालत की कार्यवाही रोकी

### सरकार से शांति बनाए रखने को कहा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को संभल की एक निचली अदालत को उत्तर प्रदेश के चंदौसी स्थित मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण मामले में कार्यवाही रोकने का आदेश दिया वहीं राज्य सरकार को हिंसा प्रभावित शहर में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने को कहा। गत 19 नवंबर को संभल के दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की अदालत ने हिंदू पक्ष की याचिका पर गौर करने के बाद 'एडवोकेट कमिश्नर' से मस्जिद का सर्वेक्षण कराने का एकपक्षीय आदेश पारित किया था। याचिका में दावा किया गया था कि मस्जिद का निर्माण मुगल शासक बाबर ने 1526 में एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद कराया था। मामले में निचली अदालत के आदेश के बाद, 24 नवंबर को इलाके में हुई हिंसा में चार लोगों की जान चली गई थी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि ''शांति एवं सद्भाव बनाए रखा जाए'' और राज्य प्रशासन की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) के.एम. नटराज द्वारा इस सिलसिले में दिये गए बयान पर गौर किया। पीठ ने निर्देश दिया कि मस्जिद सर्वेक्षण के बाद 'एडवोकेट कमिश्नर' द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट को सीलबंद कर दिया जाए तथा मस्जिद समिति की अपील पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय सहित अपीलीय अदालत द्वारा सुनवाई किये जाने तक इसे नहीं खोला जाए। न्यायालय ने कहा, ''दीवानी न्यायाधीश, याचिकाकर्ता द्वारा दायर की जाने वाली पुनरीक्षण याचिका/अपील उच्च न्यायालय या उपयुक्त अदालत के समक्ष सूचीबद्ध किये जाने तक मामले पर आगे नहीं बढ़ेंगे। एडवोकेट कमिश्नर ने यदि कोई रिपोर्ट सौंपी है तो उसे एक सीलबंद लिफाफे में रखा जाए और खोला नहीं जाए। वाद में आगे की कोई भी कार्यवाही उच्च न्यायालय/उपयुक्त अदालत द्वारा पारित आदेश पर निर्भर करेगी।''

# चुनावी प्रक्रिया से हो रहा है समझौता, शुरू करेंगे राष्ट्रीय आंदोलन: कांग्रेस कार्य समिति





**नयी दिल्ली :** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि देश में चुनावी प्रक्रिया की शुचिता से गंभीर समझौता किया जा रहा है। इसके साथ ही उसने कहा कि पार्टी इस संबंध में लोगों की चिंताओं को राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में उठाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में हुई सीडब्ल्यूसी की बैठक में हालिया विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन, संभल हिंसा की पृष्ठभूमि में उपासना स्थल कानून, मणिपुर हिंसा और कई अन्य विषयों पर चर्चा की गई। कार्य समिति ने एक प्रस्ताव में दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा उपासना स्थल कानून का उल्लंघन किया जा रहा है। प्रस्ताव में महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावी नतीजों का हवाला देते हुए कहा गया है, ''पूरी चुनावी प्रक्रिया की शुचिता से गंभीर रूप से समझौता किया जा रहा है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव एक संवैधानिक दायित्व है, जो निर्वाचन आयोग की पक्षपातपूर्ण कार्यप्रणाली के कारण गंभीर सवालों के घेरे में आ रहा है।'' कार्य समिति ने कहा, ''समाज के कई वर्ग निराश और बेहद आशंकित हो रहे हैं। कांग्रेस इन जन चिंताओं को एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में उठाएगी।''

## टूटे हुए रिश्ते आत्महत्या के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं आते : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि टूटे हुए रिश्ते भावनात्मक रूप से कष्टदायक होते हैं, और यदि आत्महत्या के लिए उकसावे का कोई इरादा न हो तो यह खुद-ब-खुद उकसाने के अपराध की श्रेणी में नहीं आते। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने एक फैसले में यह टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें कमरुद्दीन दस्तगीर सनदी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध में दोषी ठहराया गया था। फैसले में कहा गया, ''यह टूटे हुए रिश्ते का मामला है, न कि आपराधिक आचरण का।'' सनदी पर शुरू में आईपीसी की धारा 417 (धोखाधड़ी), 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और 376 (बलात्कार) के तहत आरोप लगाए गए थे। निचली अदालत ने उसे सभी आरोपों से बरी कर दिया, जबकि कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की अपील पर उसे धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराया तथा पांच साल की कैद की सजा सुनाई।

# केंद्रीय योजनाओं की राशि से वंचित करने के खिलाफ बंगाल विधानसभा से प्रस्ताव पारित

- मंत्री का आरोप- 2021 चुनाव में हार के बाद से केंद्र ने बंगाल को मिलने वाले फंड को रोक दिया
- भाजपा ने प्रस्ताव का किया कड़ा विरोध, बताया राजनीति से प्रेरित

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाइ), मनरेगा समेत विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की राज्य के हिस्से की राशि कथित रूप से रोकने को लेकर केंद्र की आलोचना करते हुए एक प्रस्ताव शुक्रवार को ध्वनिमत से पारित किया। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ विधायक निर्मल घोष ने विधानसभा के नियम 185 के तहत यह प्रस्ताव पेश किया था। प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राज्य के पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री डा प्रदीप मजूमदार ने आरोप लगाया कि 2021 में बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद से भाजपा नीत केंद्र सरकार ने राजनीतिक प्रतिशोध के तहत बंगाल को मिलने वाले विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की राशि को रोक दिया है। उन्होंने केंद्र पर बंगाल के लोगों को उसके हक से वंचित करने और सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। प्रस्ताव में केंद्रीय योजनाओं की राशि तत्काल जारी करने की मांग की गई है।

दूसरी ओर, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने मंत्री के आरोपों को खारिज करते हुए प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया और इसे पूरी तरह से राजनीतिक प्रस्ताव बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न केंद्रीय योजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और केंद्रीय निधि का हिसाब नहीं देने व उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजने में विफल रहने के कारण यह स्थिति पैदा हुई है। उन्होंने इसके लिए तृणमूल व राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। शुभेंदु ने कहा कि राजनीतिक कारणों से ममता सरकार हर सत्र में ऐसे कई प्रस्ताव लाती है, जिन्हें वे संख्या बल पर सदन से बहुमत से पारित कराते हैं, लेकिन नतीजा शून्य निकलता है, क्योंकि आरोप झूठे होते हैं।

## काम कराकर मनरेगा मजदूरों का बकाया नहीं देने का आरोप

मजूमदार ने कहा कि मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में 2015-16 से 2018-19 तक श्रेष्ठ प्रदर्शन के बावजूद केंद्र ने 2021 के बाद से बंगाल की राशि बंद कर दी है। राज्य के 2.56 करोड़ जाब कार्ड धारक इससे प्रभावित हुए हैं। इनमें 59 लाख जाब कार्ड धारकों से काम कराने के बावजूद उनका 3,731 करोड़ रुपये का बकाया मजदूरी तक केंद्र ने अभी तक नहीं दिया। राज्य ने अपनी तरफ से इन मजदूरों को बकाया दिया। इसपर शुभेंदु ने मनरेगा में घोटाले का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 25 लाख फर्जी जाब कार्ड गैर-वास्तविक व्यक्तियों को दिए गए। बाद में राज्य सरकार को ही 25 लाख फर्जी जाब कार्ड रद करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल आयुष्मान भारत और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी केंद्र की ऐतिहासिक सामाजिक कल्याण परियोजनाओं के नाम बदलने में रुचि रखती है, लेकिन इस बात की चिंता नहीं करती कि लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचे। इसपर मंत्री ने कहा कि राज्य ने फर्जी जाब कार्ड के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की।




## संघर्षरत कांग्रेस को प्राणवायु की आस

केरल के वायनाड में प्रियंका गांधी वाड्रा की 4.1 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हुई भारी जीत कांग्रेस पार्टी के लिये एक उत्साहजनक संदेश है। निश्चित रूप से उनके राजनीतिक जीवन और कांग्रेस पार्टी के लिये यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। शायद यह पहली बार है कि संसद में गांधी परिवार के तीन लोग सदस्य हैं। उनसे पहले राज्यसभा में मां सोनिया गांधी और लोकसभा में भाई राहुल गांधी की सक्रिय उपस्थिति बनी हुई है। उनकी इस जीत से निश्चित रूप से संसद में गांधी परिवार के प्रभाव को मजबूती मिलेगी। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि यह आज भी वंशवादी नेतृत्व पर पार्टी की निर्भरता को रेखांकित करता है। निस्संदेह, प्रियंका गांधी अपने आकर्षक व्यक्तित्व व प्रभावी कुशल वक्ता के रूप में पहचान रखती हैं। वह कांग्रेस पार्टी के लिए भविष्य की बड़ी उम्मीद हैं। उनकी उपस्थिति पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करती है। एक ओर जहां राहुल गांधी के नेतृत्व व अभिव्यक्ति को लेकर आलोचना की जाती रही है, मगर प्रियंका गांधी वाड्रा अपने नपे-तुले शब्दों में मुद्दों को तार्किक ढंग से उठाने के लिये भी जानी जाती हैं। उनका यह राजनीतिक कौशल वायनाड में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान बखूबी देखा गया। अपने इसी गुण के चलते वह चुनाव अभियान के दौरान तमाम मतदाताओं, खासकर महिलाओं के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ने में कामयाब रहीं। लोगों को साथ जोड़ने की यही क्षमता उनकी निर्णायक जीत में खासी मददगार साबित भी हुई। उनके चुनाव अभियान ने कार्यकर्ताओं में नये उत्साह का संचार किया। यही वजह है कि पार्टी के भीतर उनकी सफलता को लेकर खासा जोश भी है। पार्टी के भीतर भी कई लोगों को उम्मीद है कि उनकी इस रिकॉर्ड जीत से कांग्रेस पार्टी संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो सकेगा। दूसरे शब्दों में कहें तो देश में पार्टी की अपील में आशातीत विस्तार की संभावनाओं को बल मिल सकेगा। फलत: पार्टी को मौजूदा संकट से उबरने में मदद मिलेगी।

यह निर्विवाद सत्य है कि राजनीतिक समय की दृष्टि से प्रियंका गांधी वाड्रा की सफलता के खास मायने हैं। उनकी संसद में दस्तक ऐसे समय में हुई जब देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी बेहद चुनौतीपूर्ण स्थितियों का सामना कर रही है। पार्टी को हाल के दिनों में महत्वपूर्ण चुनावी झटकों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव में उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं दूसरी ओर हरियाणा में सत्ता की चाबी पार्टी के हाथ से फिसलकर भाजपा की झोली में जा गिरी है। राजनीतिक पंडित इन असफलताओं को पार्टी की घटती प्रासंगिकता के रूप में देखते रहे हैं। साथ ही कहा जाता है कि पार्टी भाजपा की संगठनात्मक ताकत को चुनौती दे पाने में विफल रही है। दूसरे शब्दों में, पार्टी भाजपा के राजनीतिक विमर्श का विकल्प नहीं दे पा रही है। साथ ही यह अहम सवाल भी उठाया जा रहा है कि सक्रिय राजनीति में प्रियंका का उदय क्या संघर्षरत कांग्रेस में नई जान फूंक सकने में कामयाब होगा? दरअसल, वायनाड में उनकी जीत को स्थानीय सफलता के रूप में देखा जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि राष्ट्रीय स्तर पर दमदार उपस्थिति के लिये उन्हें अभी और मेहनत करनी होगी। इस जीत को राष्ट्रीय गति में बदलने के लिये रणनीतिक सुधारों, गठबंधनों और भविष्य के लिये स्पष्ट दृष्टिकोण की जरूरत होगी। अभी यह देखना बाकी है कि क्या भविष्य के लिये वे एक स्पष्ट दृष्टिकोण का लाभ पार्टी का जनाधार विकसित करने के लिये दे पाएंगी। या फिर वह कांग्रेस की वंशवादी राजनीति की निरंतरता के रूप में उभरती हैं। निस्संदेह, जैसे ही वह राष्ट्रीय सुर्खियों में कदम रखेंगी, उन्हें पार्टी में नई प्राणवायु का संचार करने के लिये कठिन चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। उन्हें कालांतर यह भी साबित करना होगा कि कांग्रेस मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में एक व्यवहार्य विकल्प पेश कर सकती है। बहरहाल, प्रियंका गांधी वाड्रा की वायनाड में हुई शानदार जीत से न केवल केरल बल्कि पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई आशा का संचार हुआ है।

# 2047 की ओर: संविधान की सक्रिय भूमिका

**ममीडाला जगदीश कुमार**

तीन अर्थ-शास्त्रियों को राष्ट्र की समृद्धि में संस्थानों के गठन और भूमिका पर उनके अभूतपूर्व शोध कार्य के लिए 2024 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिला। भारत में, हमारे संविधान ने भारत की प्रगति की आधारशिला रखते हुए संसद, लोकतंत्र, न्यायपालिका और मीडिया जैसी संस्थाओं को स्वरुप प्रदान किया और उन्हें मजबूत किया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 एक परिवर्तनकारी फ्रेमवर्क है, जिसका उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली को नया स्वरुप प्रदान करना है, ताकि हमारे युवा छात्रों की आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके और हमारे देश की प्रगति को साकार किया जा सके। एनईपी 2020 भारतीय संविधान में निहित मूल्यों पर आधारित है, जो शिक्षा में पहुँच, समानता, गुणवत्ता, जवाबदेही और किफायती होने पर जोर देता है। यह संवैधानिक आदर्शों और एक प्रगतिशील, समावेशी, सतत भारत की आकांक्षाओं के बीच एक सेतु है।

एनईपी 2020 समानता और समावेशिता पर जोर देते हुए और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच में असमानताओं को दूर करते हुए, सामाजिक न्याय प्रदान करने के भारतीय संविधान के उद्देश्य को समर्थन प्रदान करता है। एनईपी 2020, हमें अनुच्छेद 46 के अनुरूप अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) सहित सभी वंचित समूहों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है। छात्रवृत्ति और शैक्षिक ऋण का प्रावधान, ज्ञान-प्राप्ति के संयुक्त प्रारूप को बढ़ावा देना, डिजिटल ज्ञान-प्राप्ति पहल, बहु-नामांकन और बहु-बहिर्गमन योजनाएं, डिग्री कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में कौशल शिक्षा की शुरुआत और शिक्षण के माध्यम के रूप में भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन आदि उपाय सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी छात्र पीछे न छूट जाए। हाल ही के दो उदाहरण लें, जो उच्च शिक्षा में एनईपी 2020 के दृष्टिकोण को सक्षम बनाते हैं - पहली, एक करोड़ छात्रों के लिए पीएम इंटर्नशिप योजना और दूसरी, पीएम विद्यालक्ष्मी ऋण योजना। ये दोनों योजनाएँ निम्न-आय वर्ग के छात्रों पर ध्यान केंद्रित करती हैं तथा संवैधानिक मूल्यों, यानि समानता, समावेश और आर्थिक सशक्तिकरण (अनुच्छेद 15 और 16) से गहराई से जुड़ी हैं। वे उच्च शिक्षा तक पहुँच को सार्वभौमिक और लोकतांत्रिक बनाती हैं। ये योजनाएँ युवा भारतीयों को उनकी सामाजिक या वित्तीय पृष्ठभूमि को ध्यान में रखे बिना राष्ट्रीय विकास में भाग लेने के अवसर प्रदान करती हैं - वंचितों के उत्थान के लिए उच्च शिक्षा में ऐसे लक्षित उपाय, भारतीय संविधान के मूल्यों के अनुरूप हैं। निर्देशक सिद्धांत सामाजिक-आर्थिक न्याय, शैक्षिक अवसरों की गारंटी देने और लोगों के कल्याण को बढ़ावा देने में राज्य का मार्गदर्शन करते हैं। ये दोनों योजनाएँ, हमारे संविधान के इन सिद्धांतों की व्यावहारिक अभिव्यक्ति हैं।

भारतीय संविधान भाषाई विविधता को रेखांकित करता है और अपने प्रावधानों और नीतियों के माध्यम से भारतीय भाषाओं के संरक्षण और उन्नति का समर्थन करता है। अनुच्छेद 350ए मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर देता है, ताकि बहुभाषावाद शैक्षिक परिदृश्य में परिलक्षित हो सके। संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 अनुसूचित भाषाओं की सूची शामिल है और अनुच्छेद 29 और 30 के साथ सरेखित करते हुए इन भाषाओं के विकास को आधिकारिक मान्यता दी गई है। उदाहरण के लिए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर 22 भारतीय भाषाओं में 22000 पुस्तकें तैयार करने की परियोजना शुरू की है। यह परियोजना एनईपी 2020 में अनुशंसित भारतीय भाषाओं को समृद्ध करने पर आधारित है और हमारे संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप है।

एनईपी 2020 का विशेष ध्यान फोकस हमारे छात्रों को अनुभवात्मक शिक्षा, कौशल और व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करना है, ताकि उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जा सके और उभरते क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया जा सके। एनईपी की यह प्राथमिकता सीधे अनुच्छेद 41 के साथ जुड़ी है।

संवैधानिक मूल्यों के साथ तालमेल बिठाते हुए, एनईपी 2020 को लागू करने से भारत के बड़े विकास लक्ष्य हासिल होंगे और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण को गति मिलेगी। पीएम ई-विद्या और दीक्षा, स्वयंप्रभा, स्वयं जैसे डिजिटल पहलों की शुरूआत, जिनमें हज़ारों पाठ्यक्रम और वर्चुअल लैब हैं, से छात्रों को एक साथ दो डिग्री - एक भौतिक प्रारूप में और दूसरा ऑनलाइन प्रारूप में - पूरा करने की सुविधा मिलती है। अकादमिक क्रेडिट बैंक खासकर ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के छात्रों को शिक्षा तक समान पहुँच की सुविधा प्रदान करते हैं।

भारतीय संविधान की भावना का पालन करते हुए, एनईपी 2020 छात्रों में भाईचारे और एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए समग्र शिक्षा पर जोर देता है तथा उन्हें वैश्विक नागरिक बनने के लिए तैयार करता है। पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली और भारतीय लोकाचार को समाहित करते हुए, एनईपी 2020 भारत की समृद्ध विरासत में गर्व और एकता की भावना को बढ़ावा देने की कोशिश करता है।

भारतीय संविधान गतिशील है। उदाहरण के लिए, हमारा संविधान अनुच्छेद 368 के तहत संशोधन के लिए एक व्यवस्था प्रदान करता है, जो हमारी संसदीय प्रणाली को समय के साथ विकसित होने की सुविधा देता है। उदाहरण के लिए, संसद ने शासन को विकेंद्रीकृत करने और लोकतंत्र को लोगों के करीब लाने के लिए 73वें और 74वें संशोधन पारित किए, जो पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकायों से संबंधित हैं। इसी तरह, संसद द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की शुरूआत, नीति निर्माण में इसकी अनुकूल होने की क्षमता को दर्शाती है। हमारी संसदीय प्रणाली ने सार्थक लैंगिक प्रतिनिधित्व के लिए महिला आरक्षण विधेयक पारित करके अपना प्रगतिशील दृष्टिकोण प्रदर्शित किया।

हमारा संविधान नागरिकों की भागीदारी तथा भारत की स्वतंत्र मीडिया व गतिशील न्यायिक प्रणाली समेत मजबूत संस्थाओं के कारण फल-फूल रहा है और सशक्त है। हमारा संविधान भारत के शासन का आधार है और हमारे सामाजिक-सांस्कृतिक-सभ्यतागत मूल्यों को प्रतिबिंबित करता है।

उच्च शिक्षण संस्थानों को अपने पाठ्यक्रम में कर्तव्यों पर पाठों को शामिल करके तथा छात्रों को राष्ट्र के लिए योगदान देने पर गर्व करने के लिए प्रेरित करके छात्रों में उनके संवैधानिक कर्तव्यों की समझ पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। आइए हम अपने संविधान का उत्सव मनाएं और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र तथा एक सामंजस्यपूर्ण वैश्विक शक्ति बनाने के लिए संविधान से प्रेरित होते रहें।

(विचार व्यक्तिगत हैं)

# वर्तमान समय में स्कूली विद्यार्थियों के समक्ष चुनौतियाँ और उनके निवारण



**रामविलास जांगिड़**

आज के समय में स्कूली विद्यार्थी तेजी से बदलते समाज और तकनीकी युग में अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। लेकिन वर्तमान समय की जटिलताओं और प्रतिस्पर्धा ने छात्रों के समक्ष शैक्षणिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक समस्याएँ खड़ी कर दी हैं। इन चुनौतियों को समझना और उनका समाधान खोजना अत्यंत आवश्यक है।

मुख्य चुनौतियाँ और उनके निवारण

**1. शैक्षणिक दबाव चुनौती-** छात्रों पर अच्छे अंक लाने और हर विषय में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का भारी दबाव होता है। अत्यधिक होमवर्क और समय प्रबंधन में कठिनाई उनके तनाव का कारण बनती है। निवारण- सीखने का उद्देश्य स्पष्ट करें: शिक्षा को केवल अंकों तक सीमित न रखें। बच्चों को यह समझाएं कि सीखना और समझना अधिक महत्वपूर्ण है। शिक्षण पद्धतियों में बदलाव: रचनात्मक और प्रायोगिक शिक्षण पद्धतियों को अपनाएं। समय प्रबंधन सिखाएं: बच्चों को सही ढंग से समय का उपयोग करना सिखाएं।

**2. मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव चुनौती-** तनाव, अवसाद, और असफलता का डर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है। माता-पिता और समाज की उच्च अपेक्षाएँ उन्हें निरंतर दबाव में रखती हैं। निवारण- मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग: स्कूलों में प्रशिक्षित काउंसलरों की व्यवस्था करें ताकि बच्चे अपनी समस्याएँ साझा कर सकें। सकारात्मक संवाद: माता-पिता और शिक्षक बच्चों के साथ संवाद बनाए रखें और उनकी भावनाओं को समझें। ध्यान और योग: बच्चों को योग और ध्यान जैसी तकनीकों के माध्यम से मानसिक शांति और आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रशिक्षण दें।

**3. तकनीकी और डिजिटल युग की चुनौतियां-** तकनीक के बढ़ते उपयोग के कारण बच्चे पढ़ाई से अधिक सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेम्स में व्यस्त रहते हैं। सभी छात्रों को समान डिजिटल संसाधन उपलब्ध नहीं होते।निवारण- डिजिटल साक्षरता: बच्चों को तकनीक का सही और सीमित उपयोग सिखाएं। तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता: सरकार और स्कूल मिलकर ग्रामीण और वंचित बच्चों को डिजिटल उपकरण और इंटरनेट की सुविधा प्रदान करें। ऑनलाइन समय का प्रबंधन: बच्चों को स्क्रीन टाइम को सीमित करने के लिए प्रोत्साहित करें।

**4. सामाजिक और पारिवारिक दबाव की चुनौती-** पारिवारिक समस्याएँ, जैसे माता-पिता का विवाद या आर्थिक स्थिति, बच्चों के विकास को प्रभावित करती हैं। सहपाठियों द्वारा की जाने वाली बुलिंग उनके आत्मसम्मान को चोट पहुँचाती है। निवारण- पारिवारिक संवाद: परिवार के सदस्यों को बच्चों के साथ अधिक समय बिताने और उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास करना चाहिए। स्कूल का हस्तक्षेप: स्कूल को बुलिंग जैसी समस्याओं पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। समाज में जागरूकता: बच्चों के साथ समान और सम्मानजनक व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएँ।

**5. प्रतिस्पर्धा के बढ़ते दबाव संबंधी चुनौती-** छात्रों को बचपन से ही कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। करियर चयन को लेकर अनिश्चितता और दबाव उनके आत्मविश्वास को कमजोर करता है। निवारण-व्यक्तिगत रुचियों का सम्मान करें: बच्चों की रुचियों और क्षमताओं के अनुसार करियर विकल्प चुनने में मदद करें। प्रतिस्पर्धा का संतुलन: प्रतियोगिता के साथ-साथ सहयोग और सामूहिक विकास को भी प्रोत्साहित करें। कैरियर गाइडेंस: स्कूलों में कैरियर काउंसलिंग की व्यवस्था करें।

**6. शारीरिक स्वास्थ्य की चुनौतियां-** अनियमित दिनचर्या, अस्वस्थ भोजन, और शारीरिक गतिविधियों की कमी बच्चों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। मोबाइल और वीडियो गेम की लत उनके खेलकूद और शारीरिक विकास को बाधित करती है। निवारण- स्वस्थ जीवनशैली सिखाएं: बच्चों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, और पर्याप्त नींद के महत्व को समझाएं। खेलकूद को बढ़ावा: स्कूलों में खेलकूद और अन्य शारीरिक गतिविधियों को अनिवार्य बनाएं। डिजिटल लत पर नियंत्रण: बच्चों के डिजिटल उपकरणों के उपयोग की निगरानी करें।

**7. नैतिकता और मूल्यों का क्षरण चुनौती-** आधुनिक जीवनशैली के कारण बच्चों में नैतिकता और पारंपरिक मूल्यों की कमी हो रही है। सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का उनके व्यक्तित्व पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। निवारण- मूल्य शिक्षा: नैतिक शिक्षा और सांस्कृतिक मूल्यों को पाठ्यक्रम में शामिल करें। प्रेरणादायक उदाहरण: बच्चों को महापुरुषों की कहानियाँ सुनाएँ और उन्हें नैतिक निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने का अवसर दें।

निष्कर्ष- वर्तमान समय में स्कूली विद्यार्थियों के सामने चुनौतियाँ बहुत व्यापक और जटिल हैं। इनसे निपटने के लिए सभी हितधारकों-माता-पिता, शिक्षक, समाज और सरकार-को मिलकर प्रयास करने होंगे। एक संतुलित शिक्षा प्रणाली, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान, और नैतिक मूल्यों का विकास ही इन समस्याओं का समाधान है। विद्यार्थियों को ऐसा माहौल मिलना चाहिए जहाँ वे अपनी क्षमताओं को पहचान सकें, आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकें, और अपने जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें। यदि हम उनकी चुनौतियों को समझकर सही समाधान दें, तो वे भविष्य के बेहतर नागरिक बन सकते हैं।

## विदेश की खबरें

### रूस के रक्षा मंत्री उत्तर कोरिया पहुंचे, सैन्य अधिकारियों और नेताओं से बातचीत करेंगे

**सियोल :** रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव सैन्य अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के साथ वार्ता के लिए शुक्रवार को उत्तर कोरिया पहुंचे। रूस के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रूस की समाचार एजेंसी 'तास' ने मंत्रालय के हवाले से दी गई अपनी खबर में हालांकि यह नहीं बताया कि बेलौसोव किससे मिलेंगे या बातचीत का उद्देश्य क्या है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस यात्रा की पुष्टि नहीं की है। पूर्व अर्थशास्त्री बेलौसोव ने मई में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सत्ता में पांचवां कार्यकाल शुरू करने के बाद रक्षा मंत्री के रूप में सर्गेई शोइगू का स्थान लिया था। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई तस्वीरों में बेलौसोव को उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री नो क्वांग चोल के साथ प्योंगयांग हवाई अड्डे पर 'रेड कार्पेट' पर चलते हुए दिखाया गया है। उत्तर कोरियाई सैन्य अधिकारियों को एक बैनर के तले ताली बजाते देखा गया, जिस पर लिखा था, 'लड़ रही रूस की सेना और उसके लोगों के प्रति पूर्ण समर्थन और एकजुटता।' बेलौसोव ने अपने आगमन के बाद कहा कि दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग का विस्तार हो रहा है। उन्होंने प्योंगयांग में जून की बैठक के बाद पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन द्वारा हस्ताक्षरित रणनीतिक साझेदारी समझौते की सराहना की, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में 'शक्ति संतुलन' बनाए रखना और युद्ध के जोखिम को कम करना है। उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री नो ने भी दोनों देशों की सेनाओं के बीच बढ़ते सहयोग की प्रशंसा की और यूक्रेन में रूस के युद्ध के प्रति उत्तर कोरिया के समर्थन को दोहराया। नो ने इसे 'देश के संप्रभु अधिकारों और सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए न्यायपूर्ण संघर्ष' करार दिया। बेलौसोव की यह यात्रा दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव के नेतृत्व में यूक्रेन के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के कुछ दिनों बाद हुई है, जिसमें येओल ने दोनों देशों से उत्तर कोरिया द्वारा यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में सहायता के लिए हजारों सैनिकों को रूस भेजने पर जवाबी कदम की तैयारी का आह्वान किया था। अमेरिका और उसके सहयोगियों का कहना है कि उत्तर कोरिया ने हाल में 10,000 से अधिक सैनिक रूस भेजे हैं और उनमें से कुछ सैनिक युद्ध में शामिल हो चुके हैं। उत्तर कोरिया पर रूस को हथियार प्रणाली, मिसाइल और अन्य सैन्य उपकरणों की आपूर्ति करने का भी आरोप है, जो रूसी राष्ट्रपति पुतिन को लगभग तीन साल से जारी युद्ध को और आगे बढ़ाने में मदद कर सकता है।

### ब्रिटेन की परिवहन मंत्री ने सेलफोन धोखाधड़ी मामले में दोषी पाए जाने के बाद पद से इस्तीफा दिया

**लंदन :** ब्रिटेन की परिवहन मंत्री लुइस हेग ने एक दशक पुराने सेलफोन धोखाधड़ी मामले में दोषी पाए जाने के बाद शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर को लिखे एक पत्र में हेग ने कहा, मैं अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं, लेकिन अब मेरा मानना है कि पद से इस्तीफा देना ही सबसे उपयुक्त होगा। हेग के इस्तीफे से कुछ घंटे पहले 'स्काई न्यूज' और 'द टाइम्स ऑफ लंदन' समाचार पत्रों में खबरें आई थीं, जिनमें कहा गया है कि हेग पर धोखाधड़ी का आरोप तय हुआ है। खबर के अनुसार हेग ने 2013 में कहा था कि उनका सेलफोन चोरी हो गया है। हालांकि बाद में हेग ने कहा कि उन्होंने गलती से, चोरी हुई चीजों में सेलफोन को शामिल कर लिया था।

### मैक्रों ने 1944 में पश्चिमी अफ्रीकी सैनिकों की हत्या को नरसंहार करार दिया

**डकार (सेनेगल) :** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बृहस्पतिवार को पहली बार माना कि 1944 में पश्चिम अफ्रीकी सैनिकों की फ्रांसीसी सेना द्वारा की गई हत्या नरसंहार थी। मैक्रों ने सेनेगल के प्राधिकारियों को लिखे एक पत्र में यह बात कही। सेनेगल की राजधानी डकार के बाहरी इलाके में स्थित मछुआरों के गांव थियारोये में द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान हुई हत्याओं की 80वीं बरसी से एक दिन पहले फ्रांसीसी राष्ट्रपति की यह स्वीकारोक्ति ऐसे समय सामने आई है जब इस क्षेत्र पर फ्रांस का प्रभाव कम हो रहा है। फ्रांस के 1940 में हुए युद्ध के दौरान फ्रांसीसी सेना की तरफ से लड़ने वाले पश्चिम अफ्रीका के 35 से 400 सैनिकों को फ्रांसीसी सैनिकों ने ही एक दिसंबर 1944 को मार डाला था। फ्रांस के लोगों ने इसे वेतन से जुड़े भुगतान को लेकर किया गया विद्रोह बताया था। पश्चिमी अफ्रीका के लोग तिरालेउर्स सेनेगलैस नाम की एक इकाई के सदस्य थे, जो फ्रांसीसी सेना में औपनिवेशिक पैदल सेना की एक टुकड़ी थी। इतिहासकारों के अनुसार, नरसंहार से कुछ दिन पहले वेतन से जुड़े भुगतान को लेकर विवाद था, लेकिन एक दिसंबर को फ्रांसीसी सैनिकों ने पश्चिम अफ्रीकी सैनिकों को घेर लिया और गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। फे ने बृहस्पतिवार देर रात संवाददाताओं से कहा कि मैक्रों के इस कदम से 'नई शुरुआत होनी चाहिए' ताकि 'थियारोये की इस दर्दनाक घटना के बारे में पूरी सच्चाई' सामने आ सके। उन्होंने कहा, 'हम लंबे समय से इस कहानी को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं और हमें विश्वास है कि इस बार फ्रांस की प्रतिबद्धता संपूर्ण, स्पष्ट और सहयोगात्मक होगी।'

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 30 नवम्बर, शनिवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष चतुर्दशी, 10:28 तक, नक्षत्र : विशाखा, 12:25 तक, योग : अतिगंदा, 16:38 तक, सूर्योदय: 5:59, सूर्यास्त: 16:51 चन्द्रोदय : 05:00, चन्द्रास्त: 15:58, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 08:44 से 10:04

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों के लिए आज का दिन परेशानी और समस्या वाला हो सकता है। आज ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी के साथ आपकी अनबन होने से नुकसान हो सकता है।

**वृष :** वृष राशि के लोगों के लिए आज का दिन परेशानी और समस्या वाला रहेगा और आज आपको अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी नौकर हैं तो वरिष्ठ अधिकारी से विवाद हो सकते हैं।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को आर्थिक लाभ होगा। आज नौकरी और कारोबार में आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं। आज आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों के लिए लाभ का दिन है और आज आप अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपने काम पर फोकस करें।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों को आर्थिक लाभ होगा और आज आपको शत्रुओं से दूर रहने की सलाह है। विवाद से बचने का प्रयास करें। बिना वजह की चिंताओं से आज मन परेशान होगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को आर्थिक लाभ होगा और धन सम्मान के मामले में सफलता मिलेगी। स्वजनों से सुख मिलेगा और पारिवारिक कार्यों में आपकी भागीदारी बढ़ेगी।

**तुला :** तुला राशि के लोगों के लिए लाभ का दिन है और आज आपके पद व अधिकार में वृद्धि होगी। समस्याओं का अंत होगा और मानसिक रूप से अशांति दूर होगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को सम्मान प्राप्त होगा और आपके मन में कुछ कर दिखाने की उधेड़बुन होगी। अधिकारी वर्ग के लोगों से आपकी अच्छी साठ-गांठ रहेगी और आपको लाभ होगा।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को लाभ होगा और आज आपको किसी विशेष घटनाक्रम के अंतर्गत रुका हुआ धन लाभ मिलेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और हर कार्य में सफलता मिलेगी।

**मकर :** मकर राशि के लोगों का दिन परेशानियों वाला हो सकता है। वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। दांपत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और आज आपको ग्रोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। उत्तरार्ध में किसी प्रकार की अस्थिरता से आपको परेशानी हो सकती है।

**मीन :** मीन राशि के लोगों को आर्थिक लाभ होगा और आपके धन कोष में वृद्धि होगी। आज का दिन संतान से जुड़ी समस्याओं के हल करने में व्यतीत होगा।

## वर्ग पहेली नं. 2932

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | | ■ | | ■ | |
| 13 | | ■ | 14 | | ■ | 15 | | 16 | |
| ■ | 17 | | | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| 19 | ■ | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | 22 |
| 23 | | 24 | | ■ | 25 | 26 | | ■ | |
| | ■ | 27 | | 28 | ■ | 29 | | ■ | |
| 30 | | | ■ | 31 | | | ■ | 32 | |

*बायें से दायें:-* 2) श्वश्रु; पति की माता, 4) अनुसार, 7) केला, 9) दूध गर्म करने के बाद उस पर जमनेवाली तह, 10) खिलावट; ताजापन; चुस्ती, 12) नदी के बीच की भूमि, 13) मोहित; लक्ष्मीदेवी, 14) इस समय, 15) प्रतिबिंब, 17) अप्रसन्न, 18) लिए; को, 20) दशकंधर, 21) पुत्री, 23) गदीला; कोमल, 25) विश्वास, 27) एक ऋतु, 29) बड़ा, 30) तप कर्ता; जोगी, 31) मठाधीश; साधु, 32) मांस.

*ऊपर से नीचे:-* 1) धज्जी धज्जी, 2) एक वाद्य, 3) परिषद्, 4) चमेली, 5) अशक्त, 6) नमस्कारी; संकोचनी, लाजवंती; लजीला, 8) घोटाला, 11) उत्कर्ष काल, 14) जिसे बुढ़ापा या मृत्यु न आवे, 15) शौहर, 16) छत; आच्छादन, 18) प्रेम, 19) जैसा चाहिए वैसा; उचित, 21) एकाकी, 22) स्मरणशक्ति, 24) कामयाब, 26) मूल्य, 28) कश *(धूम्रपान)*; शक्ति.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | फ़ी | ■ | का | र्य | कु | श | ल | ■ | चिं |
| न | ■ | आ | या | ■ | ल | ■ | व | नि | ता |
| भ | ड़ा | स | ■ | अं | बु | द | ■ | ■ | ज |
| रा | ■ | रा | खा | ■ | ला | ल | च | ■ | न |
| ई | खा | ■ | दा | ग | ना | ■ | प | द | क |
| ■ | स | ज्ज | न | ■ | ■ | क | ला | म | ■ |
| चा | रा | ■ | ■ | त | ग | ड़ा | ■ | क | ली |
| हि | ■ | तं | बू | रा | ■ | ■ | खा | ल | ल |
| ए | कां | गी | ■ | ना | ते | दा | र | ■ | ना |

## सुडोकू-पहेली-2892

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2 | | | 4 | |
| 1 | | | | | | 5 | | |
| | | | | | 6 | | | |
| | 6 | | | 4 | | | 2 | |
| 5 | | | 3 | | | 1 | | |
| | | | | | | | | |
| | | | 1 | | 8 | | | |
| | 2 | | | | | | 7 | |
| | | | 5 | | | 3 | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2891 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 9 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 5 | 9 | 7 | 1 |
| 3 | 2 | 5 | 8 | 4 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 6 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 | 2 | 1 | 9 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 9 | 8 | 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 |

# पश्चिम बंगाल स्कूल भर्ती घोटाला: न्यायालय ने सीबीआई मामले में कुंतल घोष को जमानत दी



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल प्राथमिक स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के पूर्व युवा नेता कुंतल घोष को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि इस मामले में निकट भविष्य में सुनवाई पूरी होने की संभावना नहीं है, जबकि घोष पिछले 19 महीनों से हिरासत में हैं। घोष एक साल से अधिक समय बाद जेल से बाहर आएंगे, क्योंकि उन्हें घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 20 नवंबर को जमानत दे दी गई थी। पीठ ने कहा, ''मुकदमे के निष्कर्ष के बारे में पूर्वानुमान लगाना अभी जल्दबाजी होगी। मौजूदा परिस्थितियों में, आरोपी को अनिश्चितकाल के लिए हिरासत में रखना कानून में स्थापित व्यवस्था के अनुरूप नहीं होगा।'' पीठ ने घोष को जमानत दे दी और उनसे कहा कि वह अदालत या जांच एजेंसी की पूर्व अनुमति के बिना पश्चिम बंगाल से बाहर नहीं जाएं। पीठ ने कहा है कि घोष कोई सार्वजनिक पद भी नहीं संभालेंगे और मीडिया में जांच के गुण-दोष से संबंधित कोई बयान नहीं देंगे। न्यायालय ने कहा, ''हम उन्हें राजनीतिक पार्टी में कोई भी पद लेने से नहीं रोक सकते।'' पीठ ने उन्हें मामले में साक्ष्यों को प्रभावित या उनसे छेड़छाड़ न करने का निर्देश दिया।

सुनवाई के दौरान घोष की ओर से पेश अधिवक्ता एम.एस. खान ने अपनी दलील के समर्थन में निचली अदालत के दो आदेश प्रस्तुत किए कि निकट भविष्य में सुनवाई पूरी नहीं हो पाएगी, क्योंकि सीबीआई ने अब तक मामले में अंतिम आरोपपत्र दाखिल नहीं किया है। खान ने कहा कि निचली अदालत ने 16 जनवरी और जुलाई में पारित अपने आदेश में संकेत दिया था कि जांच जारी है और निकट भविष्य में सुनवाई शुरू करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, ''मैं (मुवक्किल) पिछले 19 महीनों से हिरासत में हूं और मेरे खिलाफ अभी तक आरोप तय नहीं किए गए हैं। इसके अलावा, मामले को दूसरी अदालत में स्थानांतरित करने के लिए एक अर्जी दायर की गयी है।'' पीठ ने सीबीआई के वकील से पूछा कि एजेंसी को जांच पूरी करने में कितना समय लगेगा। न्यायालय को यह अवगत कराया गया कि जांच एजेंसी दिसंबर में पूरक आरोप-पत्र दाखिल करने की योजना बना रही है, क्योंकि उसे उन गवाहों से पूछताछ करनी है, जिन्हें आरोपी ने धोखा दिया है। वकील ने कहा कि घोष के खिलाफ आरोप गंभीर हैं, क्योंकि उन्होंने पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के समान एक समानांतर वेबसाइट बनाई, जहां नौकरी चाहने वाले अयोग्य उम्मीदवारों के फर्जी परिणाम पोस्ट किए गए और उनसे करोड़ों रुपये वसूले गए। पीठ ने कहा कि आरोपों की प्रकृति और सीबीआई द्वारा एकत्र किए जाने वाले साक्ष्य की प्रकृति के कारण, एजेंसी के लिए मोहलत मांगना एवं आरोप-पत्र दाखिल करना स्वाभाविक था, ताकि सुनवाई का रास्ता साफ हो सके। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 20 नवंबर को स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामले में मुख्य आरोपियों में से एक घोष को सशर्त जमानत दे दी थी। घोष को ईडी ने 21 जनवरी, 2023 को धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद 20 फरवरी, 2023 को उन्हें सीबीआई ने पश्चिम बंगाल प्राथमिक विद्यालय भर्ती घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया था।

## चार दिसम्बर से कोलकाता फिल्म फेस्टिवल का होगा आगाज, सजकर तैयार नंदन




**कोलकाता :** कोलकाता फिल्म फेस्टिवल की उल्टी गिनती शुरू हो गई है जिस सिने महोत्सव का सिने प्रेमी साल भर बेसब्री से इंतजार करते हैं।4 दिसंबर को वह इंतजार खत्म हो गया है। नंदन इलाका तो सज चुका है। सूबे के विभिन्न कोनों को भी सजाया गया है। इस बार इस सिने फेस्टिवल का मंत्र है 'बंगाल की धरती पर दुनिया की तस्वीरें'। इस साल कोलकाता फिल्म फेस्टिवल 30वें साल में प्रवेश करने जा रहा है। इसलिए तिलोत्तमा को अन्य समय की तुलना में अधिक रौनक देखने को मिलेगी। इसलिए फिल्म के प्रदर्शन में नवीनता रखी जा रही है। इस वर्ष के उत्सव का थीम गीत ममता बनर्जी द्वारा तैयार किया गया है और गीत नचिकेता चक्रवर्ती द्वारा लिखे और गाए गए हैं। पिछले साल थीम सॉन्ग अरिजीत सिंह ने गाया था। भव्य उद्घाटन समारोह 4 दिसंबर को धोनेधान्य थिएटर में आयोजित किया जाएगा। दिग्गज निर्देशक तपन सिन्हा की 'गल्पा हाल सत्यी' को शुरुआती फिल्म के रूप में दिखाया जाएगा। इस वर्ष का फोकस देश 'फ्रांस' है। इस साल के फिल्म फेस्टिवल में दिग्गज फ्रांसीसी निर्देशकों की कई फिल्में दिखाई जाएंगी। शताब्दी सम्मान पाने वालों में तपन सिन्हा, मार्लन ब्रैंडो, मार्सेलो मास्ट्रोयानी, हरिसादन दासगुप्ता, अरुंधति देवी, अक्केनेनी नागेश्वर राव, बंशी चंद्र गुप्ता, मोहम्मद रफी, तलत महमूद, मदन मोहन शामिल हैं। कुमार साहनी, एलेन डेलन, अनुप कुमार मुखर्जी, गौतम हलदर, उत्पलेंदु चक्रवर्ती, मनोज मित्रा जैसे दिग्गज कलाकारों को विशेष श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## शहर में आज

■ **गंगा सेवा समिति :** माँ गंगा जी की आरती, सायं 6:30 बजे से, मल्लिक घाट पम्पिंग स्टेशन, फूल कटरा, बड़ाबाजार, कोलकाता

■ **राठी परिवार :** बाबा रामदेव जी की आरती, सुबह 8.30 बजे से, मेट्रो अपार्टमेंट, 4 तल्ला, 81, राजराहट रोड, लोकनाथ मंदिर के सामने, कोलकाता-157

■ **जय नारायण जी भूतड़ा परिवार :** बाबा रामदेव जी की आरती, सुबह 7.30 बजे से, फोरम प्रवेश, ब्लॉक -जे, 4 तल्ला, फ्लैट- 402, रंगोली मॉल के पास, बेलूर, हावड़ा

■ **बाबूलाल जी बाहेती परिवार :** बाबा रामदेव जी की आरती, 418/3, जी.टी. रोड(नॉर्थ), साधु बाड़ी, 5 तल्ला, पिलखाना के पास, हावड़ा, सायं 7 बजे से

■ **बाल किसन जी चांडक परिवार :** सांवरिया सेठ जी की आरती, सुबह 7 बजे से, चांडक निवास, शिवबाजार, मेदिनीपुर

■ **रजनी फाउंडेशन :** बाबा रामदेव जी की आरती, रात्रि 8 बजे से, 28/1ए, रतन सरकार गार्डेन स्ट्रीट, तारा सुंदरी पार्क के पास, बड़ाबाजार, कोलकाता

■ **बाबा श्री रामदेव जी प्राचीन मंदिर :** बाबा रामदेव जी की आरती, 3, जगबंधु बोराल लेन, बड़ाबाजार, कोलकाता-07, सायं 7 बजे से

■ **माहेश्वरी सभा :** निःशुल्क जल सेवा प्याऊ, माहेश्वरी भवन, 4, शोभाराम बैशाख स्ट्रीट, बड़ाबाजार, कोलकाता

## दो दिसम्बर को मेडिकल की परीक्षा, सीसीटीवी से रहेगी नजर



**कोलकाता :** राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में पारदर्शिता प्राथमिकता को देते हुए डॉक्टरों को सीसीटीवी कैमरे की नजर में परीक्षा देनी होगी। राज्य में मेडिकल पोस्ट ग्रेजुएट परीक्षा दो दिसंबर से शुरू होगी। इस बार अभ्यर्थियों की संख्या करीब छह हजार है। एमडी, एमएस परीक्षा कैमरे की निगरानी में आयोजित की जाएगी। उत्तर पुस्तिका में कोड-डिकोड विधि होगी। किसी भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित है। इस तरह के दिशानिर्देशों का एक सेट राज्य स्वास्थ्य शिक्षा विश्वविद्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक अधिसूचना के माध्यम से जारी किया गया है। इस दिन एमडी-एमएस परीक्षा के संबंध में मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल द्वारा अधिसूचना किया गया।

**अधिसूचना के अनुसार**

- ❑ मोबाइल फोन, स्मार्ट घड़ियां, ब्लूटूथ हेडफोन, ईयरपॉड, आईपैड को परीक्षा हॉल में प्रवेश की अनुमति नहीं है।
- ❑ अभ्यर्थी कोई माइक्रो ज़ेरॉक्स या कोई अन्य कागज नहीं ले जा सकते।
- ❑ चेन, कंगन, झुमके, बेल्ट, बटुए नहीं ले जा सकते।
- ❑ परीक्षा हॉल में पानी की बोतलें नहीं ले जाई जा सकेंगी, पानी परीक्षा केंद्र से उपलब्ध कराया जाएगा।
- ❑ सफेद एप्रन भी नहीं पहन सकते।

आरजी कर के संदर्भ में राज्य के कई मेडिकल कॉलेजों पर शिक्षा में भ्रष्टाचार का आरोप लगा है।पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फोरम ने आरोप लगाया है कि कुछ 'अयोग्य' व्यक्ति शक्तिशाली लोगों की मिलीभगत से परीक्षा उत्तीर्ण करके 'डॉक्टर' प्रमाणपत्र प्राप्त कर लेते हैं। मंच की ओर से अनिकेत महतो, देबाशीष हलधर ने ये शिकायतें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं।इसके बाद मुख्यमंत्री ने मेडिकल परीक्षाओं में पारदर्शिता बरतने के सख्त निर्देश दिए जिसके चलते नई एसओपी तैयार की गई है।वैसे एमबीबीएस परीक्षा के दौरान सीसीटीवी के अलावा मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों पर भी निगरानी रहेगी। उत्तर पुस्तिका में नाम नहीं बल्कि बारकोड होगा।

इस बार वही 'वज्र अंतुनि' चिकित्सा विज्ञान की स्नातकोत्तर परीक्षा में लागू होने जा रहा है। दो दिसंबर से एमडी-एमएस अभ्यर्थी कैमरे की निगरानी में परीक्षा में बैठने जा रहे हैं।

## मर्क्यूरी ट्रेड लिंक्स लिमिटेड का रु. 48.95 करोड का राइट्स इश्यू 05 दिसंबर को होगा बंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** कृषि उत्पादों के कारोबार में लगी अहमदाबाद स्थित मर्क्यूरी ट्रेड लिंक्स लिमिटेड का रु. 48.95 करोड का राइट्स इश्यू 7 नवंबर, 2024 को सब्स्क्रीप्शन के लिए खुला। राइट्स इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को निधि देने के लिए, इश्यू के खर्च और सामान्य क़ॉर्पोरेट हेतुओ के लिए किया जाएगा। कंपनी का राइट्स इश्यू 6 नवंबर, 2024 को रु. 60.43 प्रति शेयर के बंध कीमत की तुलना में रु. 44.95 प्रति शेयर की कीमत पर पेश किया गया है। राइट्स इश्यू 05 दिसंबर, 2024 को बंद होगा। यह दूसरा राइट्स इश्यू है। मार्च 2024 में कंपनी रु. 9.90 करोड जुटाने के लिए रु. 40.00 प्रति शेयर की कीमत पर पहला राइट्स इश्यू लाई थी।

## सरेआम बाजार में पत्नी को किरोसिन डालकर जलाया

- ❑ **महिला की हालत गंभीर**
- ❑ **पति व दो दोस्त फरार**



**बैरकपुर :** बाजार गई महिला पर उसके पति ने किरोसिन डालकर आग लगा दी। महिला ज़िंदगी व मौत जूझ रहीं हैं जबकि आरोपी पति व उसके दो दोस्त फरार है।

बेलघरिया के आर्यनगर के अनुपमा रोड में घटना से हड़कंप मच गया। इस घटना में पति और उसके दो दोस्तों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। घटना के बाद से तीन फरार हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जली हुई महिला को बचाया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। खबर है कि वह आग में जलकर मौत से जूझ रही है।पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है लेकिन पुलिस इस तरह की घटना की वजह को लेकर असमंजस में है। कमरहाटी नगर पालिका के वार्ड नंबर 23 इलाके में अनुपमा रोड पर शुक्रवार शाम अचानक शोर मच गया। एक महिला सड़क पर जलती हुई अपनी जिंदगी के लिए चिल्ला रही थी। शरीर के कई हिस्से जल गए। अपनी आंखों के सामने ऐसा मंजर देखकर राहगीर सहम गए। तुरंत खबर बेलघरिया थाने तक पहुंची।पुलिस मौके पर पहुंची और जली हुई महिला को कमरहाटी के सागर दत्त मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई। वहां गंभीर हालत में उसका इलाज चल रहा हैं। मालूम हो कि पीड़ित महिला खरदह की रहने वाली है।वह शुक्रवार को बेलघरिया स्थित एक रिश्तेदार के घर गई थी। लौटते समय वह बाज़ार से सामान लेने गई थी। आरोप है कि आर्यनगर इलाके से गुजरते समय महिला पर उसके पति और दो अन्य दोस्तों ने मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। देखते ही देखते महिला के शरीर का अधिकांश हिस्सा जल गया। इलाके के लोग चीखते-चिल्लाते घर से बाहर निकल आए। जब उन्होंने ऐसा नजारा देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर उचित कार्रवाई की। बेलघरिया पुलिस ने आरोपी पति और उसके दोस्तों की तलाश शुरू कर दी है। महिला की शारीरिक स्थिति पर नजर रखी जा रही है। अगर वह थोड़ा ठीक हो जाए तो पुलिस जांच के लिए बयान ले सकती है। हालांकि, पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पत्नी पर इतना क्रूर हमला क्यों किया गया, इस बारे में परिवार में कोई कुछ नहीं कह सकता।

## कोलकाता-पटना-कोलकाता गरीबरथ एक्सप्रेस को अत्याधुनिक एलएचबी रेक में किया अपग्रेड

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने 12359/12360 कोलकाता-पटना-कोलकाता गरीबरथ एक्सप्रेस में रेक को आईसीएफ से एलएचबी में परिवर्तित करने की योजना बनाई है। जो 30 नवंबर से कोलकाता से रवाना होगी और 01 दिसंबर से पटना से रवाना होगी। यह परिवर्तन पूर्व रेलवे की यात्री सुरक्षा, आराम को प्राथमिकता देने और यात्रियों के लिए आवास में वृद्धि के साथ-साथ उसके रोलिंग स्टॉक के आधुनिकीकरण की चल रही प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह ट्रेन 17 कोचों के साथ चलेगी, जिसमें 3-टियर इकोनॉमी कोच होंगी। यात्रियों की सुविधाओं का अनुभव बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक लिंके हॉफमैन बुश (एलएचबी) रेक की शुरूआत हुई थी। एलएचबी कोच अपनी उन्नत सुरक्षा सुविधाओं, बेहतर प्रदर्शन और बेहतर यात्री सुविधा के लिए प्रसिद्ध हैं। इस उन्नयन के साथ, पूर्वी रेलवे का लक्ष्य रेल यात्रा सुरक्षा, आराम और दक्षता में नए मानक स्थापित करना है। यात्रियों के लिए कोलकाता-पटना-कोलकाता गरीबरथ एक्सप्रेस में उपलब्ध उन्नत सुविधाओं और सेवाओं का अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है।

## सीटा के सभागार में एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के इजरा स्ट्रीट स्थित सीटा के सभागार में बुधवार को एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कोषाध्यक्ष अमित झुनझुनवाला कलकत्ता इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन और फाइब्रोस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शनी के दिन ही सीटा के सचिव जीतेंद्र सुराणा (जीतू) के जन्मदिन का भी खास अवसर था।

जन्मदिन और प्रदर्शनी के इस मौके पर आए इलेक्ट्रिक व्यापार से जुड़े अतिथियों एवं बीएनआई सदस्यों ने मिलजुल कर आनंद उठाया और जितेंद्र सुराना के सूझबूझ की सभी ने तारीफ की। इस प्रदर्शनी में इलेक्ट्रिक के अत्याधुनिक प्रोडक्ट को डिस्प्ले में लगाया गया। जिसमें एलईडी लाइट्स, स्विच बोर्ड्स, इलेक्ट्रिक तार समेत घर और दफ्तर में रोजमर्रा के जीवन में काम आने वाले कई सारे प्रोडक्ट्स शामिल थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में फाइब्रोस के मयूर शाह (सीएसए फाइब्रोस), संतोष दर्द (आर.एम. फाइब्रोस), अर्घ्य बनर्जी (ए.जी.एम. फाइब्रोस), नरेंद्र साव (राज्य प्रमुख फाइब्रोस), सुशील तिवारी (उत्पाद प्रमुख, फाइब्रोस), सीटा के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सीटा के उपाध्यक्ष पुलकित चंदगोठिया, सीटा के सचिव जीतेंद्र सुराणा (जीतू), कोषाध्यक्ष अमित झुनझुनवाला समेत अन्य सदस्यों का भरपूर योगदान रहा।

## सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने स्पेशल ब्लैक फ्राइडे ऑफर किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने शुक्रवार को अपना पावर पैक्ड पहला ब्लैक फ्राइडे सेल ऑफर लॉन्च किया है। इस स्पेशल सेल में हर तरह के ग्राहकों के लिए कुछ न कुछ मौजूद है। जिससे ग्राहकों को वैश्विक शॉपिंग असाधारणता का अनुभव करने का मौका मिलेगा। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी और सीईओ सुवंकर सेन ने कहा, हमने स्पेशल ब्लैक फ्राइडे सेल ऑफर पेश किया है, केवल हमारी सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स वेबसाइट और माई सेनको ऐप गूगल प्लेस्टोर पर उपलब्ध है। हमारे ग्राहक 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्जस पर फ्लैट 50% की छूट, हीरे के मूल्य पर फ्लैट 10% की छूट का लाभ उठा सकते हैं। हीरे के आभूषणों के मेकिंग चार्जस पर फ्लैट 100% की छूट और सभी गॉसिप फैशन और लाइफस्टाइल आभूषणों पर (एमआरपी पर) फ्लैट 50% की छूट है। यह ऑफर केवल हमारी वेबसाइट और माई सेनको ऐप पर सीमित अवधि के लिए वैध हैं।

## स्वर्णिम इंटरनेशनल स्कूल ने वार्षिक कार्यक्रम में छात्रों ने दिखाए अपनी प्रतिभा

- ❑ **विशेषज्ञों ने पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों को बढ़ाने पर दिया जोर**

**कोलकाता :** स्वर्णिम इंटरनेशनल स्कूल ने 22 और 23 नवंबर को बहुप्रतीक्षित वार्षिक दिवस समारोह की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में छात्र प्रतिभा, शैक्षणिक उपलब्धि और सामुदायिक भावना का एक भव्य प्रदर्शन था।




**बाएं से दाएं: स्वाति सरावगी, रेजिडेंट डायरेक्टर, स्वर्णिम इंटरनेशनल स्कूल, प्रदीप के अग्रवाल, सीईओ, कल्याण भारती ट्रस्ट और बोर्ड सदस्य, स्वर्णिम, एच पी बुधिया, अध्यक्ष, पैटन और संस्थापक-अध्यक्ष, स्वर्णिम, सुमित गुप्ता, आईएएस, जिला मजिस्ट्रेट, 24 पीजीएनएस साउथ, बिनोद कुमार, आईएएस, प्रमुख सचिव, स्कूल और उच्च शिक्षा, संजय बुधिया, एमडी, पैटन और बोर्ड सदस्य, स्वर्णिम और श्रीमती रुमझुमी विश्वास, प्राचार्य, स्वर्णिम।**

उत्सव के पहले दिन, थीम द स्पार्क विदइन में प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा दो तक के छात्रों की विविध क्षमताओं पर प्रकाश डाला गया। मनमोहक प्रदर्शनों की एक श्रृंखला के माध्यम से, युवा छात्रों ने विभिन्न बुद्धिमत्ताओं - गतिज, दृश्य, संगीत और बहुत कुछ में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टेक्नो इंडिया ग्रुप की सह-अध्यक्ष मनोशी रॉयचौधरी ने प्रत्येक बच्चे की विशिष्टता पर बात की और एक दूसरे को गर्मजोशी से 'नमस्ते' के साथ अभिवादन करने की स्वर्णिम परंपरा पर जोर दिया। मुखरोचक की सीईओ संघिता चक्रवर्ती ने बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने में स्कूलों और अभिभावकों के बीच महत्वपूर्ण साझेदारी को रेखांकित किया।

दूसरे दिन, कार्यक्रम की शोभा पश्चिम बंगाल सरकार के स्कूल और उच्च शिक्षा के प्रधान सचिव बिनोद कुमार, आईएएस ने बढ़ाई। उन्होंने शैक्षणिक और व्यक्तिगत सफलता में समझ कौशल के महत्व और जिज्ञासा के महत्व पर एक व्यावहारिक भाषण दिया। उन्होंने शिक्षा को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का सार्थक उपयोग करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। शाम को दक्षिण 24 परगना के जिला मजिस्ट्रेट सुमित गुप्ता, आईएएस, ने जारी रखा, जिन्होंने खेल, संगीत और कला के माध्यम से छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देने में स्वर्णिम इंटरनेशनल स्कूल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने माता-पिता को सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बारे में भी आगाह किया और बच्चों को अलग-थलग होने से बचाने के लिए संतुलन बनाने का आग्रह किया।

विशिष्ट अतिथियों के भाषणों ने छात्रों और दर्शकों दोनों को प्रेरित किया, जिससे शिक्षा और व्यक्तिगत विकास के मूल्य को बल मिला। स्वर्णिम इंटरनेशनल स्कूल की निदेशक स्वाति सरावगी ने बच्चों के समग्र विकास के लिए कई बुद्धिमत्ताओं के अंतर्संबंध और एक सर्वांगीण शैक्षिक दृष्टिकोण के महत्व के बारे में बात की।

दूसरे दिन की थीम, तत्त्वम में ब्रह्मांड के पांच मूलभूत तत्वों का जश्न मनाया गया, जिसे छात्रों ने आकर्षक और गतिशील प्रदर्शन के माध्यम से जीवंत किया।

यह कार्यक्रम छात्रों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और विभिन्न अंतर-सदनीय गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित करने का एक अवसर भी था। पूरे वर्ष असाधारण उपलब्धि प्रदर्शित करने वालों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

अपने समापन भाषण में प्राचार्या रुमझुमी विश्वास ने वार्षिक दिवस समारोह की सफलता में योगदान देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## कोहरे के मौसम में सुरक्षित रेल संचालन के लिए रेलवे अलर्ट, कई ट्रेनों का विनियमन

**कोलकाता, समाज्ञा :** सर्दियों के मौसम में घना कोहरा एक आम घटना है। जिससे अक्सर दृश्यता कम हो जाती है और ट्रेन परिचालन में देरी और संभावित सुरक्षा जोखिम सहित चुनौतियां पैदा होती हैं। रेलवे ने यात्री सुरक्षा और परिचालन दक्षता सुनिश्चित करने के लिए एहतियाती उपाय के रूप में कई मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द करने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों को चुने हुए दिनों में रद्द किया गया है। इसके तहत, 12327 हावड़ा-देहरादून उपासना एक्सप्रेस, 12328 देहरादून-हावड़ा उपासना एक्सप्रेस, 22198 झांसी-कोलकाता प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस, 22197 कोलकाता - झांसी प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस, 22197 कोलकाता-झांसी प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस, 15620 कामाख्या-गया साप्ताहिक एक्सप्रेस, 15619 गया-कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस, 14004 नई दिल्ली-मालदह टाउन एक्सप्रेस, 14003 मालदह टाउन-नई दिल्ली एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है।

इसके अलावा, 12178 मथुरा-हावड़ा चंबल एक्सप्रेस को चुनिंदा तारीखों पर मथुरा और आगरा के बीच रद्द कर दी जाएगी और 12177 हावड़ा-मथुरा चंबल एक्सप्रेस को आगरा और मथुरा के बीच रद्द कर दी जाएगी। वहीं, कुछ ट्रेनों के आवृत्ति में कमी की जाएगी। इसमें 13019 हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस, 13020 काठगोदाम बाघ-हावड़ा एक्सप्रेस, 12357 कोलकाता-अमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस, 12358 अमृतसर-कोलकाता दुर्गियाना एक्सप्रेस, 22406 आनंद विहार-भागलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस, 22405 भागलपुर-आनंद विहार गरीब रथ एक्सप्रेस, 12988 अजमेर-सियालदह सुपर फास्ट एक्सप्रेस, 12987 सियालदह-अजमेर सुपर फास्ट एक्सप्रेस शामिल है।

## टीएमसी पार्षद की हत्या के प्रयास के मामले में एक और गिरफ्तार

**कोलकाता :** कोलकाता के कस्बा के तृणमूल पार्षद सुशांत घोष की हत्या की कोशिश के आरोप में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार दोपहर आनंदपुर थाना क्षेत्र के गुलशन कालोनी से मोहम्मद अली नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है। कथित तौर पर उसने ही सुशांत की हत्या की साजिश रची थी। अली ने बिहार से हथियार लाने और उन्हें जमा करने में भी मदद की। 15 नवंबर को एक हमलावर ने सुशांत को गोली मारने की कोशिश की थी। अली के अलावा चार और लोगों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जांचकर्ताओं का दावा है कि सुशांत की हत्या की साजिश में कई अन्य लोग भी शामिल हैं। हत्या के प्रयास में प्रयुक्त एक पिस्तौल और स्कूटर पुलिस पहले ही बरामद कर चुकी है।

## मेट्रो रेलवे की ब्लू लाइन पर विशेष 'आत्महत्या विरोधी' अभियान, लगाए गए पोस्टर व बैनर



**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे ने यात्रियों के बीच मेट्रो परिसर में आत्महत्या न करने के बारे में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ उन्हें यह याद दिलाने के लिए कि जीवन कितना कीमती है, ब्लू लाइन पर एक विशेष आत्महत्या विरोधी अभियान चलाया है। इसके लिए यात्रियों में जागरूकता पैदा करने के लिए इस कॉरिडोर के विभिन्न स्टेशनों के ट्रैक किनारे की दीवारों पर रंग-बिरंगे बैनर लगाए जा रहे है। इन बैनरों को रणनीतिक रूप से इस तरह से लगाया गया है कि इन्हें प्लेटफार्मों से आसानी से देखा जा सके और चलती मेट्रो के सामने पटरियों पर कूदकर आत्महत्या करने से पहले आखिरी मिनट में निवारक के रूप में काम किया जा सके।

'जीवन एक यात्रा है: इस अनमोल उपहार को जल्दी खत्म न करें', 'सब कुछ खत्म करने से पहले दो बार सोचें', 'आपका जीवन अनमोल है, कभी हार न मानें', 'आपके परिवार के सदस्य घर पर इंतज़ार कर रहे हैं, इस बारे में सोचें' जैसे संदेश इन्हें विभिन्न स्टेशनों पर प्रदर्शित किया गया है। फिलहाल गिरीश पार्क और कालीघाट स्टेशनों पर ऐसे बैनर लगाए गए हैं और जल्द ही ब्लू लाइन के अन्य स्टेशनों पर भी ऐसे बैनर नजर आएंगे।

मेट्रो ने उम्मीद जताई है कि ऐसे आकर्षक बैनरों के माध्यम से चलाया जा रहा यह विशेष अभियान संकट में फंसे लोगों को मेट्रो ट्रैक पर अपनी जान देने के लिए हतोत्साहित करने में मदद करेगा। ये बैनर रात में व्यावसायिक समय के बाद लगाए जा रहे हैं।

## चेतला में खुला नया केएमसीपी स्कूल



**कोलकाता :** कोलकाता नगर निगम के वार्ड 82 के चेतला में नया केएमसीपी स्कूल खुला। मेयर व स्थानीय पार्षद फ़िरहाद हकीम चेतला में नव पुनर्निर्मित स्कूल का उद्घाटन किया। स्कूल पहले जीर्ण-शीर्ण स्थिति में था और एमएमआईसी आईटी और शिक्षा संदीपन साहा ने लोगों की मांग पर ने सिरे से बनाने पर काम शुरु किया। एक आधुनिक मॉडल स्कूल में तब्दील कर दिया गया है।कार्यक्रम में एमएमआईसी आईटी और शिक्षा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जिसमें माननीय अध्यक्ष माला राय, वैश्वानूर चट्टोपाध्याय, असीम बसु, देबलीना बिस्वास और अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में केएमसी के शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और सदस्य और केएमसी के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## एसी कोचों में आग की घटनाओं से बचने के लिए एफएसडीएस प्रणाली किए गए स्थापित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के लिए यात्री सुरक्षा हमेशा से प्राथमिकता रही है। यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए, वातानुकूलित कोचों में उन्नत फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सिस्टम (एफएसडीएस) और फायर डिटेक्शन कम ब्रेक एप्लीकेशन (एफडीबीए) सिस्टम लागू किए गए हैं। इन प्रणालियों के माध्यम से आग के खतरों का समय रहते पता लगाया जा सकेगा। इसको समय पर अलर्ट देने और यात्रियों की सुरक्षा और जोखिमों को कम करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने के लिए डिजाइन किया गया है। हल्के धुंए से सेंसर तुरंत सक्रिय हो जाते हैं, अलर्ट जारी करते हैं और आपातकालीन प्रोटोकॉल शुरू करते हैं। एफडीबीए प्रणाली गंभीर परिस्थितियों में ट्रेन को



रोक देती है, जिससे सुरक्षित निकासी और अग्निशमन प्रयासों की अनुमति मिलती है। एफएसडीएस एक महत्वपूर्ण सुरक्षा सुविधा है। इसमें आग का पता लगाने वाले पैनल पर एलईडी फ्लैश होगी। प्रभावित कोच के आग का पता लगाने वाले पैनल पर फ्लैशर लाइट सक्रिय की जाएगी। अग्नि जोखिमों की निगरानी और समाधान के लिए उन्नत तकनीक चौबीसों घंटे काम करती है। इसके अलावा, प्रारंभिक चेतावनियां आग की घटनाओं को बढ़ने से रोकने में मदद करती हैं। इन प्रणालियों की जानकारी होने से यात्रियों को उनकी यात्रा के दौरान मानसिक शांति मिलती है।

पूर्व रेलवे ने नवीन समाधानों को अपनाना जारी रखा है, ये प्रगति सुरक्षा मानकों में उत्कृष्टता की दिशा में भारतीय रेलवे की यात्रा में एक मानक स्थापित करती है।

# बंगाल में बिगड़ती कानून व्यवस्था ही उद्योग में रोड़ा : शुभंकर



**हुगली :** नेशनल यूनिट ऑफ जूट वर्कर्स (आइएनटीयूसी) के तरफ से रिसड़ा के गांधी सड़क इलाके में स्थित संयोजक परवेज अंजुम की अध्यक्षता में अंसर मैरेज हाल में वेलिंग्टन जूट मिल वर्कर्स के लिए वार्षिक आम बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे वेलिंग्टन जूट मिल के तमाम श्रमिकों ने हिस्सा लिया। बैठक में विशेष अतिथि के तौर पर अपने वक्तव्य रखने आए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने कहा कि बंगाल में कानून व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। सिंडिकेट का बोलबाला है इसलिए उद्योगपति बंगाल में निवेश करने से घबरा रहे हैं। जब तक कानून व्यवस्था ठीक नहीं होगी तब तक निवेशक निवेश नहीं करेंगे। क्योकि बंगाल में भय का माहौल है। यहां कटमनी की सरकार है। यही कारण है कि पहले भिन्न राज्य से रोजगार की तलाश में युवा बंगाल का रुख करते थे आज इसके विपरीत बंगाल से भिन्न राज्य का तेजी से बढ़ते अपराध के मामले में सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। आज के राजनेता सिर्फ अपने फायदे के विषय में सोचते हैं लेकिन समाज के प्रति उनकी भागेदारी और अपने कर्त्तव्य का पालन नहीं करते। मोदी और ममता की मिली भगत के वजह से राज्य में तृणमूल कांग्रेस को जीत हासिल होती है क्योकि भाजपा मुस्लिम का विरोध करती है ताकि अल्प संख्यक वोटों से ममता की झोली भरे और अन्य राज्य में हिंदू वोटों से भाजपा की झोली भरे। इसलिए जब तक इस तरह की गंदी राजनीति चलेगी तब तक परिवर्तन संभव नहीं है। बंगाल में भाजपा के भय से मुस्लिम ममता को वोट करते हैं जबकि अन्य राज्य में इसके विपरीत हिंदू वोट भाजपा की झोली में जाते हैं। आज गोदी मीडिया की वजह से महंगाई, बेरोजगारी, जन मुद्दों की बात नहीं होती सिर्फ टीवी चैनलों पर हिंदू मुस्लिम राग अलापा जाता है। देश और राज्य को विकसित करने के लिए धर्म की राजनीति छोड़कर विकास भाईचारे एकता की खेती करनी होगी।

इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष, एनयूजेडब्लू (इंटक) प्रदीप भट्टाचार्य, अध्यक्ष प्रदेश आइएनटीयूसी कुमरुज्जमान क़मर, मास्टर निज़ाम, सलीम खान, नौसाद अहमद खान, अजय सिंह, आधा गुप्ता, संजय अधिकारी, प्रबीर अधिकारी, परवेज अंजुम, एमडी रेयाजुद्दीन, एमडी उस्मान, एमडी, इम्तेयाज़, मंटू परबत, शहीद नवाज खान समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। एन.यू.जे.डब्लू. की यूनिट कमेटी की वार्षिक आम बैठक के अवसर पर संयोजक परवेज अंजुम ने कहा कि लंबे समय से बंद रहने के बाद मिल मैत्रीपूर्ण ढंग से चल रही है। कहा कि वेलिंग्टन जूट मिल एशिया की पहली जूट मिल है। इस मिल में राहुल गांधी आये थे। वर्ष 2021 से यह मिल बंद थी 2024 फरवरी महीने में मिल खुली और तभी से सुचारु ढंग से मिल चल रही है। मालिक और मजदूरों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध बनाकर मिल को इसी तरह से चलाया जायेगा।

# ईडी ने 2800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में पिता-पुत्र को किया गिरफ्तार

- **भारी ब्याज के साथ रिटर्न का वादा कर निवेशकों से ठगा थी मोटी रकम**

**कोलकाता :** ईडी ने मनी लांड्रिंग से जुड़े 2800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में कोलकाता से पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। दोनों ने भारी ब्याज व रिटर्न का वादा करके से रकम निवेश कराने के बाद रुपये नहीं लौटाया। गिरफ्तारी के बाद ईडी ने दोनों को मनी लांड्रिंग एक्ट की विशेष अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को 10 दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया गया।

प्रयाग ग्रुप आफ कंपनीज के सीएमडी बासुदेव बागची और उसके बेटे अविक बागची के खिलाफ चिटफंड घोटाले में शिकायत के बाद ईडी ने 26 नवंबर को कंपनी के कोलकाता और मुंबई परिसरों में छापेमारी की थी। दोनों आरोपितों ने मासिक आय योजना, वरीयता शेयर और क्लब सदस्यता प्रमाणपत्र के नाम पर लोगों से 2800 करोड़ रुपये जमा कराए। साथ ही उच्च रिटर्न देने का वादा किया। ईडी ने कहा कि 1900 करोड़ रुपये अब तक निवेशकों को लौटाए नहीं गए हैं। प्रयाग ग्रुप आफ कंपनीज सेबी, रिजर्व बैंक आफ इंडिया से आवश्यक वैध अनुमति नहीं लेकर अवैध रूप से चलाई जा रही थी। इससे अलग-अलग राज्यों के लाखों निवेशक प्रभावित हुए।

ईडी ने कहा कि निवेशकों से एकत्रित धन को आरोपितों ने कई संस्थाओं में शामिल किया। इसका उपयोग बाद में विभिन्न संपत्तियों को खरीदने के लिए किया गया। ईडी धोखाधड़ी से अर्जित धन से अर्जित संपत्तियों का पता लगाने के लिए आरोपितों से पूछताछ करेगी। यह कार्रवाई घोटाले से जुड़ी संपत्तियों का पता लगाने और उन्हें बरामद करने के ईडी के प्रयासों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सही निवेशकों और पीड़ितों को धन वापस दिलाना है।

प्रयाग ग्रुप का चिटफंड कारोबार पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में फैला हुआ था, जिसमें बंगाल, ओडिशा, बिहार, असम और त्रिपुरा जैसे राज्य शामिल थे। आरोप है कि कंपनी ने अवैध योजनाएं चलाकर जनता से कई सौ करोड़ रुपये जुटाया था। 2017 में भी सीबीआइ ने ओडिशा में दर्ज एक मामले के आधार पर प्रयाग ग्रुप के सीएमडी बासुदेव बागची और उनके बेटे अविक बागची को गिरफ्तार किया था।

## हावड़ा डिवीजन में ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए केवल एक जोड़ी बंडेल-कटवा लोकल रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** ट्रेनों के सुरक्षित और कुशल संचालन के लिए नियमित रूप से ट्रैक रखरखाव और ओवर हेड उपकरण रखरखाव कार्य करना महत्वपूर्ण होता है। इस घटक के नियमित और व्यवस्थित रखरखाव से व्यवधान और देरी को रोकने में मदद मिलती है। जिससे ट्रेनें निर्धारित समय पर चलती हैं और रेलवे बुनियादी ढांचे का जीवनकाल बढ़ता है। रखरखाव की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 01 दिसंबर को हावड़ा डिवीजन पर हावड़ा-वर्दवान कॉर्ड, हावड़ा-बंडेल, वर्दवान-हावड़ा और खाना-गुमानी सेक्शन में ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की योजना बनाई गई है। इस कारण 01 दिसंबर को 37749/37748 बंदेल-कटवा-बंदेल लोकल रद्द रहेगी। इसके अलावा, 03048 रामपुरहाट-हावड़ा विश्वभारती एक्सप्रेस 01 दिसंबर को 20 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी।

## आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत घर से भागे हुए बच्चे को बचाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे का रेलवे सुरक्षा बल रेल यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ रेलवे संपत्ति और उसके महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस संबंध में, दपूरे के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते और ऑपरेशन एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग ड्राइव जैसी विभिन्न पहल की गई हैं। ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते - विभिन्न भारतीय रेलवे जोनों में देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों को बचाने के लिए समर्पित एक मिशन है। 27 नवंबर को दक्षिण पूर्व रेलवे के ऑन ड्यूटी टीटीआई देबदीप बसु को 12262 हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस में एक नाबालिग लड़के को अकेले यात्रा करते हुए देखा। पूछने पर पता चला कि लड़के का नाम गोलू (शुभोजीत) है और वह घर से भाग के आया है। इसके बाद, चक्रधरपुर के सुरक्षा कंट्रोल ने घटना की जानकारी टाटानगर आरपीएफ पोस्ट को दी। तदनुसार, टाटानगर रेलवे स्टेशन पर उक्त ट्रेन के आगमन पर अंजुमनिशा महिला सब इंस्पेक्टर ने आरपीएफ पोस्ट/टाटा के कर्मचारियों के उक्त ट्रेन में शामिल हुईं और टीटीआई से मुलाकात की। टीटीआई ने बचाए गए लड़के को सौंप दिया। इसके अलावा लड़के को आरपीएफ पोस्ट/टाटा लाया गया और पूछने पर बताया कि वह ग्रेटर नोएडा, (यूपी) का रहने वाला है और वह बिना किसी को बताए घर से भाग गया क्योंकि उसकी मां ने उसे डांटा था। बाद में सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन करने के बाद बचाए गए नाबालिग लड़के को सीडब्ल्यूसी के दिशानिर्देश के अनुसार आगे की कार्रवाई के लिए चाइल्ड लाइन के टीम सदस्य पंकज गुप्ता को सौंप दिया गया। बता दें कि, दपूरे के आरपीएफ द्वारा वर्ष 2023 में 706 बच्चों और वर्ष 2024 में अक्टूबर तक 723 बच्चों को बचाया गया है। वहीं, ऑपरेशन एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग ड्राइव के तहत दपूरे के आरपीएफ द्वारा वर्ष 2023 में 04 तस्करों की गिरफ्तारी के साथ तस्करी के शिकार 14 व्यक्तियों को बचाया गया और 2024 में अक्टूबर तक 44 तस्करों को गिरफ्तार करके 138 तस्करी के शिकार व्यक्तियों को बचाया गया।



बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट की बैठक के दौरान देश-विदेश के उद्योगपतियों से मिलतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी। साथ में उपस्थित रहे सीडब्ल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार

## ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ ने पर्यावरण-अनुकूल सेनेटरी नैपकिन दस्तक वितरित किए



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में विभिन्न नेक पहल करता है। इन प्रयासों के एक भाग के रूप में शुक्रवार को पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) द्वारा ठाकुरपुकुर स्थित सेव द चिल्ड्रन होम नामक अनाथालय की लड़कियों के बीच पर्यावरण-अनुकूल सैनिटरी नैपकिन (दस्तक) वितरित किए। यह कार्यक्रम ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की अध्यक्ष सीमा देउसकर और कार्यकारी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ हुई। इसके बाद, संगठन ने अनाथालय की लड़कियों को मासिक धर्म चक्र और स्वच्छता के महत्व के साथ-साथ सैनिटरी नैपकिन का सही तरीके से उपयोग करने के बारे में भी शिक्षित किया। इसके बाद, ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की अध्यक्ष ने बच्चों के बीच भोजन के पैकेट का वितरण किया। इसके अलावा, होम की 1400 फीट की दीवार की बाड़ लगाने के लिए 7 हजार फीट स्टील के तार प्रदान किए।

## रहस्यमयी तरीके से हो रही है बंदरों की मौत से फैला आतंक

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जगतबल्लभपुर के गोविंदपुर में रहस्यमय तरीके से बंदरों की मौत हो रही है। बंदरों के अचानक इस तरह मरने से लोगों के बीच आतंक फैल गया है। बताया जा रहा है कि पिछले 3-4 दिनों में लगभग 10 से अधिक बंदरों की मौतें हुई है। स्थानीय लोगों ने तुरंत वन दफ्तर को इसकी जानकारी दी। वन दफ्तर के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर बंदरों के शव को बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए कोलकाता के बेलगछिया पशु चिकित्सालय में भेज दिया। अधिकारियों के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही मौत के कारणों को पता चल पाएगा। स्थानीय लोगों द्वारा उचित कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# आरजी कर भ्रष्टाचार मामले की चार्जशीट को कोर्ट ने नहीं किया स्वीकार

- **सीबीआइ ने बिना सरकारी मंजूरी के दाखिल कर दी थी चार्जशीट**
- **चार्जशीट में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष समेत पांच लोगों के नाम थे**

**कोलकाता :** सरकार की मंजूरी नहीं मिलने के कारण कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में वित्तीय भ्रष्टाचार के मामले में शुक्रवार को सीबीआइ की ओर से दाखिल की गई चार्जशीट को अलीपुर कोर्ट ने स्वीकार नहीं किया। सूत्रों के मुताबिक 100 पन्ने से ज्यादा की चार्जशीट में मुख्य आरोपित आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष समेत पांच लोगों के नाम थे। मालूम हो कि अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक डा. अख्तर अली ने डा. घोष व अन्य के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाए थे। उन्होंने इसकी जांच कराने को लेकर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

इस मामले में सीबीआइ ने सबसे पहले संदीप घोष को गिरफ्तार किया था। इसके बाद घोष के अंगरक्षक अफसर अली, आपूर्तिकर्ता बिप्लब सिंह व सुमन हाजरा को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में आखिरी बार अस्पताल के हाउस स्टाफ व घोष के करीबी आशीष पांडे की गिरफ्तारी हुई थी। चार्जशीट में इन लोगों के नाम थे। दरअसल संदीप घोष एक सरकारी कर्मचारी हैं और आशीष पांडे एक सरकारी डाक्टर हैं। ऐसे में दोनों के खिलाफ चार्जशीट पेश करने से पहले सरकार की मंजूरी जरूरी है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय जांच एजेंसी ने बिना मंजूरी के ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी।

घोष पर टेंडरों को लेकर पक्षपात करने, मेडिकल आर्गेनिक कचरे की अवैध बिक्री, मुर्दाघर के शवों के अंग बेचने, पैसे लेकर मेडिकल छात्रों को पास कराने जैसे कई गंभीर आरोप लगे हैं। केंद्रीय एजेंसी की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने डा. घोष के खिलाफ 24 अगस्त को एफआइआर दर्ज की थी।

बंगाल सरकार ने अस्पताल के भ्रष्टाचार मामले की जांच के लिए 16 अगस्त को एक विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया था। एक दिन बाद हाई कोर्ट के आदेश पर मामले की जांच राज्य पुलिस की बजाय सीबीआइ को सौंप दी गई। सीबीआइ की टीम ने इस मामले में 25 अगस्त को कोलकाता के बेलेघाटा स्थित संदीप घोष के घर पर छापेमारी की थी। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने उनके घर से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए थे।

# डेंगू से दो की मौत, ठंड के बाद भी मच्छरों का आतंक जारी

**कोलकाता :** तापमान गिरने के बावजूद भी डेंगू बुखार कम होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। मच्छर जनित इस बीमारी से गुरुवार को दो लोगों की मौत हो गई । परिजनों का दावा है कि दोनों के डेथ सर्टिफिकेट में मौत का कारण डेंगू बताया गया है। मृतकों की पहचान काशीनाथ मंडल और गायत्री पाल के रूप में की गई है। इनमें काशीनाथ का घर कामदुनी में है। गायत्री भोजेरहाट की रहने वाली हैं।

पांच दिन पहले उत्तर 24 परगना के इन दोनों निवासियों को बेलेघाटा आईडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।वहां गुरुवार की रात दो की मौत हो गई । हालांकि, स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी का दावा है कि डेथ ऑडिट के बिना मौत का कारण बताना संभव नहीं है। अधिकारी ने यह भी दावा किया कि



राज्य में डेंगू की स्थिति पिछले साल की तुलना में काफी बेहतर है।

- **इस बार कमा डेंगू का प्रकोप**

स्वास्थ्य स्वास्थ्य भवन के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल एक जनवरी से 28 नवंबर तक राज्य में 90 हजार लोग डेंगू से संक्रमित हुए थे।वहीं, इस बार डेंगू की 28,102 पॉजिटिव रिपोर्ट आईं। डेंगू संचरण का मौसम मुख्यतः जुलाई से अक्टूबर तक होता है। लेकिन इस बार नवंबर में भी राज्य के अलग-अलग हिस्सों से डेंगू पीड़ित मिलने से चिंता बढ़ती जा रही है।

सबसे अधिक मामलों वाले जिले मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर 24 परगना, हुगली और कोलकाता हैं। राज्य में जुलाई में 1,888 और अगस्त में 4,516 लोग डेंगू से संक्रमित हुए। सितंबर में 7,199 और अक्टूबर में 7,051 पॉजिटिव डेंगू रिपोर्ट आईं। 28 नवंबर तक 4,700 लोग संक्रमित हो चुके हैं।

बारिश कम होने पर आमतौर पर डेंगू का प्रकोप कम हो जाता है। कोलकाता समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में कई दिनों से बारिश नहीं हुई है।उसके बाद भी डेंगू का प्रकोप कम क्यों नहीं हो रहा है? विशेषज्ञों के मुताबिक, कई लोग सोचते हैं कि सर्दी आते ही डेंगू की तीव्रता कम हो जाती है। और उस विश्वास के साथ, कई लोग सर्दियों की शुरुआत से ही पानी जमा करने की आदत अपना लेते हैं। इसके अलावा जिस तरह से मौसम बदल रहा है उससे भी डेंगू बढ़ रहा है।

वनस्पतिशास्त्री देबाशीष बिस्वास ने कहा, 'यह सच है कि जब तापमान 15 डिग्री से नीचे चला जाता है तो मच्छरों का प्रजनन बहुत कम हो जाता है। हालाँकि, स्थिति के कारण, डेंगू अब पूरे वर्ष में हो रहा है। क्योंकि, हर जगह हवा में नमी बढ़ रही है. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नवंबर में जो लोग डेंगू से संक्रमित हुए, उनमें से 95 फीसदी लोगों के शरीर में फ्रिज की ट्रे या छत पर बेकार पड़े फूलों के टब में पानी जमा हो गया था।

स्वास्थ्य अधिकारी डेंगू से बचने के लिए पूरे साल सतर्क रहने पर जोर दे रहे हैं। प्रत्येक जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को दिसंबर तक डेंगू के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का निर्देश दिया गया है।

# डीएलएफ की संयुक्त उद्यम कंपनी ने कोलकाता में एक आईटी पार्क प्राइमार्क और आरडीबी समूह को 637 करोड़ रुपये में बेचा

**कोलकाता, समाज्ञा :** रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ की संयुक्त उद्यम कंपनी डीसीसीडीएल ने कोलकाता में एक आईटी पार्क प्राइमार्क और आरडीबी समूह को 637 करोड़ रुपये में बेच दिया है। डीएलएफ ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि डीएलएफ साइबर सिटी डेवलपर्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी डीएलएफ इन्फो सिटी डेवलपर्स (कोलकाता) लिमिटेड ने अपने कोलकाता टेक पार्क-1 व्यवसाय उपक्रम को आरडीबी प्राइमार्क टेक्नो पार्क एलएलपी (प्राइमार्क और आरडीबी समूह की सहयोगी) को लगभग 637 करोड़ रुपये के मूल्य पर बेचने और स्थानांतरित करने के



लिए एक निश्चित समझौता किया है। कोलकाता टेक पार्क-1 पूर्वी भारत के सबसे बड़े आईटी पार्कों में से एक है, जिसका सकल पट्टे योग्य क्षेत्रफल लगभग 14.9 लाख वर्ग फुट है। यहां वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियां काम कर रही हैं। डीएलएफ रेंटल बिजनेस के वाइस चेयरमैन और एमडी श्रीराम खट्टर ने कहा, यह हमारी उन प्रमुख संपत्तियों में निहित मूल्य को दर्शाता है, जो हमने पिछले कई वर्षों में अच्छी गुणवत्ता वाले किरायेदार भागीदारों और परिसंपत्ति प्रबंधन के साथ बनाई हैं। यह सौदा शेयरधारक मूल्य को लगातार बढ़ाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। प्राइमार्क समूह के एमडी सिद्धार्थ पंसारी ने कहा, हम इस लेन-देन को लेकर उत्साहित हैं। यह हमारी वृद्धि और विविधीकरण यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बंगाल के प्रौद्योगिकी परिवेश में हमारे योगदान को मजबूत करता है, और हमें डीएलएफ की सीख, प्रणालियों और प्रक्रियाओं से काफी लाभ होगा। डीसीसीडीएल, डीएलएफ लिमिटेड और सिंगापुर की जीआईसी की संयुक्त उद्यम है।

# बांग्लादेश के प्रधानमंत्री को देना चाहिए इस्तीफा

- **बंगाल भाजपा ने की मांग**
- **कहा कि जिस प्रधानमंत्री को मिला नोबेल शान्ति पुरस्कार, उनके राज्य में पीड़ित हिन्दू**

**कोलकाता :** इस्कॉन के संन्यासी चिन्मयकृष्ण दास की गिरफ्तारी पर बांग्लादेश भड़क गया है। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठते रहे हैं। बंगाल भाजपा पहले ही भारत सरकार से तत्काल कार्रवाई करने का अनुरोध कर चुकी है। इस स्थिति को लेकर पूर्व जज और भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय ने विस्फोटक दावा किया है। उन्होंने कहा कि यूनुस का नोबेल वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि इस दिन बांग्लादेश में बहुत अन्याय हुआ है। बांग्लादेश सरकार इस बारे में कुछ खास करती नजर नहीं आ रही है। दूसरे हैं यूनुस, जिन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिला। उन्हें लगता है कि पिछले 90 दिनों से जिस तरह से ये यूनुस चल रहा है, एक अवैध सरकार चल रही है, क्योंकि इनके प्रधानमंत्री ने अभी तक इस्तीफा नहीं दिया है। वह जहां भी हैं, जिस तरह से अन्य धर्मों, खासकर हिंदू धर्म पर हमला कर रहे हैं, उन्हें लगता है कि नोबेल समिति को अभी उनका नोबेल पुरस्कार वापस ले लेना चाहिए।आप उनसे पूछ सकते हैं कि क्या नोबेल समिति के पास यह नियम है? वे नहीं कह सकते लेकिन एक सामान्य नियम है, अगर कोई अधिकारी कुछ करना चाहता है, यानी कुछ करने की शक्ति रखता है, तो उसे उसे करने से इंकार करने की भी शक्ति है।

# सुजय कृष्ण उर्फ काकू को मिली राहत

- **कोर्ट ने शॉन अरेस्ट' नहीं दिखाने का दिया आदेश**

**कोलकाता :** भर्ती भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार सुजयकृष्ण भद्र के 'अग्रिम जमानत मामले' में शुक्रवार को कलकत्ता हाई कोर्ट ने राहत दी है। कोर्ट की मौखिक टिप्पणी थी कि सीबीआई अब इस मामले में कुछ नहीं करेगी। नतीजतन, अब सीबीआई सुजयकृष्ण भद्र उर्फ 'कालीघाट के काकू' की 'शॉन अरेस्ट' नहीं दिखा सकेगी। उनके कारण सुजयकृष्ण को क्षणिक राहत मिली। शुक्रवार को कलकत्ता हाईकोर्ट जज के मौखिक निर्देश के बाद वकीलों ने समझाया।

प्रारंभिक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए सुजयकृष्ण भद्र ने पहले जमानत के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। वह मामला जस्टिस शुभ्रा घोष की बेंच में लंबित है। इस बीच, सीबीआई ने उन्हें दोबारा हिरासत में लेने के लिए गिरफ्तारी वारंट दिखाना चाहा। सुजयकृष्ण ने अग्रिम जमानत के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, क्योंकि उन्हें डर था कि उन्हें सीबीआई द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उस मामले में न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची और गौरांग कंठ की खंडपीठ ने शुक्रवार को यह टिप्पणी की।

30 मई 2023 को गिरफ्तार किए गए सुजयकृष्ण को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बारे में सीबीआई ने क्यों नहीं सोचा? सीबीआई ने आरोपी को यह सोचकर क्यों बुलाया कि उसे जमानत मिल सकती है? यह सवाल पिछली सुनवाई में जस्टिस बागची ने उठाया था।

शुक्रवार को इस अग्रिम जमानत मामले को देखते हुए उन्होंने कहा कि सीबीआई फिलहाल इस मामले में कुछ नहीं करेगी। वकीलों के मुताबिक इस मौखिक निर्देश के बाद अब सीबीआई दोबारा सुजयकृष्ण की गिरफ्तारी नहीं दिखा सकती। कोर्ट ने मामले में सीबीआई से हलफनामा तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद होनी है।

दूसरी ओर, प्रोडक्शन वारंट जारी होने के अगले दिन ही सीबीआई ने 'शॉन अरेस्ट' दिखाने और हिरासत में लेने की अर्जी कैसे दे दी? इस पर जस्टिस बागची ने सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि संबंधित विभाग इन जांच अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करेगा?

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव मिलने से सनसनी, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**हुगली :** हुगली जिले के चंडीतल्ला थाना क्षेत्र से एक युवक का संदेहास्पद स्थिति में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 18 वर्षीय मौसम बांगाल के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। चंडीतला थाना क्षेत्र के गंगाधरपुर ग्राम पंचायत के अंतर्गत सबूज दीप' इलाके से युवक का शव बरामद हुआ। मृतक गंगाधरपुर ग्राम पंचायत के ही हिरियादह इलाके का रहने वाला बताया जा रहा है। स्थानीय व पुलिस सूत्रों ने बताया कि मौसम ने इस वर्ष शियाखाला बेनी माधव उच्च माध्यमिक विद्यालय से उच्च माध्यमिक परीक्षा दी थी। परिजनों का आरोप है कि बुधवार सुबह 9 बजे मौसम घर से निकला था, लेकिन थोड़ी देर बाद से ही उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ आने लगा। इसके बाद परिवार ने उसकी तलाश शुरू की।

# अभी भी बंगाल से दूर है सर्दी

## रात के पारे में तीन डिग्री तक बढ़ोतरी

**कोलकाता :** ऐसी आशंका थी कि निम्न दबाव सर्दियों की राह में कांटा बन सकता है। इस बार रातों-रात कोलकाता शहर का न्यूनतम तापमान करीब 3 डिग्री तक बढ़ गया। शुक्रवार सुबह शहर का न्यूनतम तापमान 21 डिग्री था, जो सामान्य से 3.5 डिग्री सेल्सियस अधिक था। सर्दी के शौकीनों को निराशा हो रही है । ऐसे में शनिवार से सोमवार तक 4 तटीय जिलों में बारिश होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में दबाव अंततः चक्रवात में विकसित नहीं हुआ। यह बंगाल की दक्षिणी खाड़ी में अत्यंत गहरे अवसाद के रूप में स्थित है। शनिवार को इसकी ताकत कम हो गई क्योंकि गहरे दबाव के कारण तमिलनाडु और पांडिचेरी तट पर भूस्खलन हुआ और इस दबाव के कारण राज्य में प्रवेश करने वाली ठंडी हवा अवरुद्ध हो गई। तापमान का पारा भी बढ़ गया। आम लोगों का परेशान होना स्वाभाविक है। हालांकि, मौसम वैज्ञानिक सर्दी के शौकीनों को अभी पूरी तरह से निराश नहीं कर रहे हैं। अलीपुर मौसम विभाग के मुताबिक नवंबर के आखिरी दिन भी तापमान ऐसा ही रह सकता है। आसमान में बादल छाए रहने के कारण रात का तापमान थोड़ा बढ़ सकता है। लेकिन दिसंबर के पहले हफ्ते में बंगाल में पारा फिर से गिरने की संभावना है। हालांकि, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर और उत्तर और दक्षिण 24 परगना के चार तटीय जिलों में शनिवार और सोमवार के बीच बारिश की संभावना है।

शुक्रवार को कोलकाता में भी तापमान काफी बढ़ गया। नवंबर के अंत में न्यूनतम तापमान गिरकर 20 डिग्री पर पहुंच गया। रविवार को शहर में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। दिसंबर के आखिरी हफ्ते में कोलकाता में भी तापमान गिरेगा।

उत्तर बंगाल के जिले सुबह कोहरे में लिपटे रहेंगे। हालांकि ताजा बारिश की संभावना नहीं है। हालांकि, मौसम कार्यालय का कहना है कि उत्तर बंगाल के जिलों में पारा फिर से गिरने की संभावना कम है।

# बांग्लादेशी रोगियों का बंगाल के अस्पताल में इलाज नहीं

## इस्कॉन साधूँ की गिरफ़्तारी के विरोध लिया गया फैंसला

**कोलकाता :** इस्कॉन संन्यासी चिन्मयकृष्ण दास की गिरफ्तारी के विरोध में इस बार बंगाल के अस्पताल में 'नो-एंट्री' कर दी गई। बांग्लादेशियों का इलाज नहीं, मानिकतल्ला नर्सिंग होम ने जानकारी दी। 'बांग्लादेश को लेकर जेएन रॉय अस्पताल का सख्त फैसला लेते हुए बताया कि बांग्लादेशी मरीजों को प्रवेश नहीं, चिकित्सा सेवाएं नहीं दी जाएगी । बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले हो रहे हैं। हालांकि तीन महीने पहले देश की सरकार बदली थी लेकिन गतिरोध खत्म नहीं हुआ। इस बीच बांग्लादेश में इस्कॉन संन्यासी की गिरफ्तारी को लेकर हंगामा मचा हुआ है। देश के अलग-अलग हिस्सों में विरोध प्रदर्शन चल रहा है। शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद से पूरे बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले के आरोप लग रहे हैं। इस बीच, इस्कॉन संन्यासी चिन्मयकृष्ण दास को सोमवार को ढाका के शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया। चिन्मयकृष्ण दास बांग्लादेश सम्मलित सनातनी जागरण जोता के प्रवक्ता और चटगांव के हथाजारी में पुंडरीक धाम के प्रमुख हैं। चटगांव जाते समय ढाका पुलिस के खुफिया विभाग ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है।



इस्कॉन संन्यासी चिन्मयकृष्ण दास का असली नाम चंदन कुमार धर है। साधु चिन्मयकृष्ण दास के आरोप में ढाका पुलिस के खुफिया विभाग ने शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया था। जो बांग्लादेश सम्मिलित सनातनी जागरण जोत के प्रवक्ता हैं। हथाजारी, चटगांव के पुण्डरीक धाम के प्राचार्य है। इस्कॉन भिक्षु चिन्मयकृष्ण दास ने कुछ दिन पहले चटगांव में एक रैली बुलाई थी। लगभग 400,000 हिंदू वहां उपस्थित हुए। कथित तौर पर इस्कॉन भिक्षु चिन्मयकृष्ण दास को उनकी वजह से बांग्लादेशी कट्टरपंथियों ने निशाना बनाया है और उसी दबाव में चिन्मयकृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार ने गिरफ्तार कर लिया है। इस्कॉन भिक्षु की रिहाई की मांग को लेकर अल्पसंख्यक बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आए हैं। इसके विरोध में चटगांव से ढाका तक मार्च निकालने के साथ ही उन्होंने सड़कों पर लेटकर विरोध जताया. एक्स हैंडल घटना का कड़ा विरोध करते हुए और चिन्मयकृष्ण दास की रिहाई की मांग करते हुए इस्कॉन ने कहा है कि इस्कॉन का दुनिया में कहीं भी आतंकवाद से कोई लेना-देना है, यह बेबुनियाद आरोप निंदनीय है। भारत सरकार से अनुरोध है कि तत्काल कार्रवाई करें और बांग्लादेश सरकार से बात करें।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बलिया में ऑटो पलटने से एक छात्रा की मौत, छह अन्य घायल

**बलिया, (भाषा) :** बलिया जिले के उभांव थाना क्षेत्र के नौरंगिया गांव के समीप शुक्रवार की सुबह एक ऑटो रिक्शा के पलट जाने से उसमें सवार एक छात्रा की मौत हो गयी और छह अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार, उभांव थाना क्षेत्र के नौरंगिया गांव के समीप शुक्रवार की सुबह अचानक एक मोटरसाइकिल सवार के सामने आ जाने पर उसे बचाने के प्रयास में सवारियों से भरा एक ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक छात्रा शिल्पी मौर्य (21) की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये। घायलों में ऑटो चालक के अलावा पांच अन्य यात्री हैं। सभी घायलों को उपचार हेतु अस्पताल पहुँचाया गया। थाना प्रभारी विपिन सिंह ने शुक्रवार को बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृत छात्रा के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### चने का साग तोड़ने गईं चार नाबालिग लड़कियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**कौशांबी (उप्र) :** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र अंतर्गत खेत में चने का साग तोड़ने गईं चार नाबालिग लड़कियां बृहस्पतिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। पुलिस ने बताया कि परिजनों की सूचना पर मामला दर्ज कर पांच टीम गठित कर लड़कियों की तलाश की जा रही है। क्षेत्राधिकारी कौशांबी अभिषेक सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार की दोपहर एक गांव की निवासी और पड़ोस में रहने वाली चार लड़कियां गांव के बाहर खेत में चने का साग तोड़ने गई थीं जिनकी उम्र 15 से 16 साल के बीच है। उन्होंने कहा कि देर शाम तक चारों घर वापस नहीं लौटीं तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की और कहीं पता न चलने पर पुलिस को इसकी सूचना दी। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि इस संबंध में देर रात पुलिस ने धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया। उन्होंने कहा कि लापता लड़कियों की तलाश के लिए पांच टीम गठित की गई हैं और उनका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### मथुरा में लेनदेन से जुड़े विवाद में युवक को गोली मारी

**मथुरा (उप्र) :** जिले के रिफाइनरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गायत्री नगर में एक व्यक्ति को लेनदेन से जुड़े विवाद में गोली मार दी गई जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीड़ित की पहचान गायत्री नगर निवासी लखन (31) के रूप में हुई है, जिसे बृहस्पतिवार रात तीखे विवाद के बाद रमन बिहारी नामक व्यक्ति ने सीने में गोली मार दी। रिफाइनरी क्षेत्र की पुलिस क्षेत्राधिकारी श्वेता वर्मा ने बताया कि 25 वर्षीय आरोपी गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गया और फिलहाल उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल लखन को अस्पताल पहुंचाया। अधिकारियों ने बताया कि उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पैसे के लेनदेन से जुड़े विवाद के चलते लखन को गोली मारी गई। आरोपी की तलाश जारी है।

### अमेठी में ट्रक और स्कॉर्पियो की टक्कर में तीन व्यक्तियों की मौत, चार अन्य गंभीर रूप से घायल

**अमेठी (उप्र) :** अमेठी जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र में रायबरेली-सुलतानपुर मार्ग पर ट्रक और स्कॉर्पियो की टक्कर में तीन व्यक्तियों की मौत हो गयी और चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, करौदी कला थाना क्षेत्र से गौरीगंज के बिशुनदासपुर में बारात आई थी, जिसमें स्कॉर्पियो गाड़ी में सात लोग सवार होकर बृहस्पतिवार की देर रात करौंदी कला के लिए लौट रहे थे। गौरीगंज के भारतीय स्टेट बैंक के पास स्कॉर्पियो ट्रक से टकरा गई। हादसे में पप्पू कश्यप (40) की मौत हो गयी और अन्य छह लोग घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। बाद में उपचार के दौरान दो अन्य घायलों की भी मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान अमृतेश सिंह बेटू (19) व रूपक (40) के रूप में हुई है।

# बिहार विधानमंडल के दोनों सदन अनिश्चित काल के लिए स्थगित



**पटना :** बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र शुक्रवार को संपन्न हो गया और इसी के साथ दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गई। बिहार विधानमंडल के इस सत्र में विपक्षी सदस्यों द्वारा स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर लगाने की प्रक्रिया को वापस लेने की मांग और केंद्र के विवादास्पद वक्फ संशोधन विधेयक से संबंधित मुद्दे सहित विभिन्न मुद्दों पर लगातार विरोध और स्थगन देखा गया। बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने सदन की कार्रवाई अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने के पूर्व बताया कि शीतकालीन सत्र के दौरान प्राप्त कुल 964 प्रश्नों में से 809 प्रश्न विधानसभा सचिवालय द्वारा स्वीकार किए गए। उन्होंने बताया कि 103 ध्यानाकर्षण सूचनाओं और प्रश्नों के माध्यम से जन कल्याण से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। 25 नवंबर से अब तक कुल पांच बैठकें हुईं। बिहार विधान मंडल के संक्षिप्त सत्र के दौरान दोनों सदनों ने महत्वपूर्ण विधेयकों को मंजूरी दी, जिनमें बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2024, बेतिया राज संपत्ति विधेयक, 2024, बिहार सरकारी परिसर (आवंटन, किराया, वसूली और बेदखली) (संशोधन) विधेयक-2024 और बिहार खेल विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक-2024 शामिल हैं। विधानमंडल ने इस सत्र के दौरान चालू वित्त वर्ष के लिए 32,506 करोड़ रुपये का राज्य का दूसरा अनुपूरक बजट भी पारित किया। इसके अलावा, सत्र के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन पर 2016-22 की अवधि के लिए कैग की रिपोर्ट भी विधानमंडल में पेश की गई। बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सदन की कार्रवाई अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने के पूर्व बताया कि परिषद में कुल 331 प्रश्न प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 300 को मंजूरी दी गई। जन कल्याण से संबंधित अन्य मुद्दे 30 ध्यानाकर्षण सूचनाओं और प्रश्नों के माध्यम से उठाए गए।

### बिहार विधानसभा में शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन प्रीपेड मीटर के मुद्दे पर हंगामे से कार्रवाई बाधित

**पटना :** बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों के प्रीपेड बिजली मीटर वापस लेने की मांग को लेकर सदन के बीचों-बीच आकर हंगामा किये जाने पर सदन की कार्यवाही करीब आधे दिन बाधित रही। विपक्षी सदस्यों ने बाद में संवाददाताओं से बात करते हुए आरोप लगाया कि सदन अध्यक्ष नंद किशोर यादव, केवल 10 मिनट के स्थगन का आदेश दे सकते थे, पर उन्होंने सरकार को बचाने के लिए दोपहर के भोजन के बाद तक कार्यवाही स्थगित करने का विकल्प चुना। हंगामे के कारण बैठक दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई थी। कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने प्रश्नकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। उन्होंने कहा कि बिजली बिल इतना अधिक आ रहा है कि न केवल गरीब बल्कि मध्यम वर्ग के लोगों को भी इसका खर्च वहन करना मुश्किल हो रहा है।

## तस्करी कर लाए गए 200 तोते वन क्षेत्र में पिंजड़े से आजाद किए गए



**गाजियाबाद (उप्र) :** वेव सिटी पुलिस द्वारा तस्करों के कब्जे से जब्त किए गए दो पिंजड़ों में कैद करीब 200 तोते शुक्रवार को यहां राजनगर एक्सटेंशन के वन क्षेत्र में पिंजड़े से आजाद कर दिए गए। ये तोते पशु कल्याण के लिए काम करने वाले संगठन 'पीपुल फॉर एनिमल ऑर्गेना-इजेशन' (पीएफए) के अधिकारी गौरव गुप्ता की शिकायत पर जब्त किए गए थे। पुलिस अधीक्षक (वेव सिटी) लिपि नागाइच ने बताया कि पुलिस ने तस्करों के साथ मिलीभगत में तोतों की तस्करी में मदद करने के आरोप में बस परिचालक बजरंग लाल को गिरफ्तार किया है जो राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले का निवासी है। उन्होंने कहा कि वह अकसर पिंजड़ों में भरे तोते मुरादाबाद जिले से जयपुर ले जाता था। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बृहस्पतिवार को डासना कस्बे में एक संस्थान के पास एक बस को रोका था। नागाइच ने बताया कि तलाशी करने पर पुलिस को दो पिंजड़ों में तोते बंद मिले जिन्हें ठूंस-ठूंसकर भरा गया था जिससे कुछ तोते घायल हो गए थे। अधिकारी ने कहा कि ये तोते बस की डिक्की में छिपाए गए थे और पिंजड़ों को बोरे से ढका गया था। उन्होंने बताया कि इन तोतों की तस्करी करने के आरोपी शकील खान (48) और तौफिक खान (46) मौके से भाग निकले जिनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

## भारत और पाकिस्तान को एक-दूसरे की धरती पर क्रिकेट खेलना चाहिए: तेजस्वी



**पटना :** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भारत और पाकिस्तान के एक-दूसरे की धरती पर क्रिकेट खेलने की वकालत की है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता से बीसीसीआई के इस फैसले के बारे में पूछा गया कि भारत, पाकिस्तान के खिलाफ सिर्फ तटस्थ स्थल पर खेलेगा। राजद नेता ने कहा, ''ऐसे मामलों में राजनीति नहीं होनी चाहिए। अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पाकिस्तान जा सकते हैं और नवाज शरीफ के साथ बिरयानी खा सकते हैं, तो दोनों देशों की क्रिकेट टीम के दौरे में क्या बुराई है।' राजनीति में आने से पहले क्रिकेट खिलाड़ी रहे तेजस्वी का इशारा 2015 में मोदी के लाहौर की अचानक यात्रा करने की ओर था। तेजस्वी ने भारत-पाकिस्तान के एक-दूसरे के यहां क्रिकेट खेलने की पैरवी करते हुए कहा, 'ऐसी यात्राओं से दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बेहतर होगा।'

## संभल हिंसा : सपा का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आज संभल जाएगा

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के संभल में विवादित जामा मस्जिद परिसर में सर्वेक्षण के दौरान भड़की हिंसा की जानकारी लेने के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शनिवार को संभल जाएगा। सपा की ओर से शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी। सपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को संभल जाएगा और वहां हुई हिंसा की विस्तृत जानकारी लेकर रिपोर्ट पार्टी प्रमुख को सौंपेगा। वहीं कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि दो दिसंबर को संभल मामले की जानकारी हासिल करने के लिए कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल वहां जाएगा। संभल में अदालत के आदेश पर 19 नवंबर को जामा मस्जिद के पहली बार किये गये सर्वेक्षण के बाद से ही तनाव की स्थिति बनी हुई है। अदालत ने यह आदेश जिस याचिका पर दिया उसमें दावा किया गया है कि जिस जगह पर जामा मस्जिद है वहां पहले कभी हरिहर मंदिर था। पिछले 24 नवंबर को मस्जिद का दोबारा सर्वेक्षण किये जाने के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प में चार लोगों की मौत हो गयी थी तथा 25 अन्य जख्मी हो गये थे। समाजवादी पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष पाल के पत्र को 'एक्स' पर साझा किया है, जिसमें कहा गया है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल 30 नवंबर को संभल जाएगा और हिंसा की घटना की विस्तृत जानकारी लेकर रिपोर्ट उन्हें सौंपेगा।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान: भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ को जान से मारने की धमकी मिली, आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष मदन राठौड़ को फोन पर जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को अनूपगढ़ जिले के एक गांव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने धमकी देने की बात स्वीकार कर ली है। राठौड़ के अनुसार, आरोपी ने उन्हें फोन कर जान से मारने की धमकी दी थी। जब उन्हें यह धमकी मिली तब वह दिल्ली में थे। उन्होंने दिल्ली से पीटीआई-भाषा से कहा, 'एक व्यक्ति ने मुझे फोन किया और गोली मारने की धमकी दी।' अधिकारियों के अनुसार, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल और कई अन्य नेताओं ने राठौड़ को फोन कर घटना की जानकारी ली। पार्टी सूत्रों ने कहा कि धमकी देने वाले व्यक्ति को जब राठौड़ के स्टाफ की ओर से फोन किया गया तो उसने पहले खुद को बिहार का रहने वाला बताया और फिर कहा कि वह अनूपगढ़ से बोल रहा है। अनूपगढ़ के पुलिस अधीक्षक रमेश मौर्य ने बताया कि धमकी देने के आरोपी हेतराम को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसने अपने बेटे के नाम पर पंजीकृत सिम से फोन किया था। उन्होंने कहा कि इस सिम को हेतराम ही इस्तेमाल कर रहा था।

### किसी पुजारी के परिवार में अशुद्धता की स्थिति में उसका मंदिर में प्रवेश निषिद्ध होगा: मिश्रा

**अयोध्या (उप्र) :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्य अनिल मिश्रा ने कहा है कि जन्म या मृत्यु के कारण किसी पुजारी के परिवार में अशुद्धता की स्थिति में उस पुजारी का राम मंदिर में प्रवेश पूरी तरह से निषिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि छह महीने का प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके पुजारियों को जल्द ही राम मंदिर में अनुष्ठान कराने का दायित्व दिया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय के मुताबिक, नए पुजारियों को राम मंदिर की धार्मिक समिति द्वारा बनाए गए दिशानिर्देशों का पालन करना पड़ेगा। दिशानिर्देशों के मुताबिक, पुजारियों को एक अंतराल पर मंदिर परिसर के भीतर सभी 18 मंदिरों में अनुष्ठान कराने का काम सौंपा जाएगा। मिश्रा ने कहा कि राम मंदिर में प्रशिक्षित पुजारियों को लगाने के लिए हाल ही में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया तथा अयोध्या में अति योग्य व्यक्तियों की एक टीम ने 20 पुजारियों को छह महीने का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि किसी पुजारी के परिवार में जन्म या मृत्यु की दशा में उस पुजारी को मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी और इसका अर्थ है कि अशुद्धता की स्थिति में मंदिर में उसका प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित होगा। मिश्रा ने बताया कि पूजा के दौरान मोबाइल फोन विशेषकर एंड्रायड फोन ले जाने पर रोक होगी, हालांकि आवश्यकता पड़ने पर बटन वाले फोन का उपयोग किया जा सकता है।

### आगरा में दिव्यांग पुत्री को जहर देकर पिता ने लगाई फांसी

**आगरा (उप्र) :** आगरा के थाना एत्माद्दौला क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात एक पिता ने अपनी दिव्यांग पुत्री को कथित तौर पर जहर दे दिया और फिर खुद भी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। सहायक पुलिस उपायुक्त हेमंत कुमार ने बताया कि थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के कटरा वजीर खां स्थित दो मंजिला मकान की एक मंजिल में चंद्र प्रकाश (50) अपनी 14 साल की बेटी के साथ रहते थे। उनके बड़े भाई इंद्रजीत ऊपर की मंजिल में रहते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह बड़े भाई इंद्रजीत ने पुलिस को सूचना दी कि उनके छोटे भाई ने अपनी पुत्री को जहर दे दिया है और खुद भी आत्महत्या कर ली है। कुमार ने इंद्रजीत की शिकायत के हवाले से बताया कि वह रोज सुबह चाय पीने छोटे भाई के घर जाते थे लेकिन बृहस्पतिवार सुबह जब वह नीचे की मंजिल में पहुंचे तो देखा कि उनकी भतीजी सो रही थी इस पर वह खुद ही चाय बनाने के लिए रसोईघर पहुंचे और जैसे ही उन्होंने रसोइघर का दरवाजा खोला तो देखा कि फंदे के सहारे उनके भाई चंद्रप्रकाश का शव लटक रहा था। चीख पुकार सुन कर आस-पड़ोस के लोग भी वहां आ गए और सबने मिलकर शव को नीचे उतारा। कुमार ने शिकायत के आधार पर बताया कि इस पर इंद्रजीत ने अपनी भतीजी को आवाज दी और उसके नहीं उठने पर उसका चाहर हटाया तो देखा की उसके मुंह से झाग निकल रहा था। उन्होंने बताया कि चंद्रप्रकाश की बेटी जन्म से दिव्यांग थी। तीन साल पहले उनकी पहली पत्नी रेखा की हृदयाघात से मौत हो गयी थी। जिसके बाद वह अकेले ही अपनी बेटी की देख रेख कर रहे थे।

### मेरठ में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत मामले में सात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मेरठ, (उप्र) :** मेरठ जिले की पुलिस ने एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में सात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रितिक नामक युवक पर एक वर्ष पूर्व कुछ लोगों ने पेशाब कर आपत्तिजनक वीडियो बनाया था और उसे सोशल मीडिया पर सार्वजनिक कर दिया था। पुलिस के अनुसार, वीडियो सार्वजनिक करने वाले चार आरोपियों आशीष मलिक, मोहित ठाकुर, अवी शर्मा और राजन के अलावा तीन अन्य लोगों युवराज, राहुल और सोनू पहाड़ी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। इसके पहले सदर क्षेत्र की पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) नवीना शुक्ला ने 'पीटीआई-भाषा' को शुरुआती जांच के आधार पर 26 नवंबर को बताया था कि गंगानगर के रहने वाले रितिक (23) को उसका दोस्त युवराज अपने साथ गढ़ रोड स्थित एक होटल में ले गया था, जहां उनके दो अन्य दोस्त भी आये। उन्होंने बताया कि संभवतः सभी लोगों ने होटल के कमरे में बैठकर शराब पी, जिसके बाद रात करीब डेढ़ बजे रितिक की तबीयत बिगड़ गई। अधिकारी ने बताया कि रितिक को पहले अजय अस्पताल और फिर वहां से मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### संभल में हिंसा के कई दिन बाद इंटरनेट सेवा बहाल

**संभल (उप्र) :** प्रदेश के संभल जिले में हिंसा के कई दिन बाद इंटरनेट सेवा शुक्रवार को बहाल कर दी गई। जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार ने कहा, संभल में शुक्रवार को शाम चार बजे इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी गईं। जिले में शाही जामा मस्जिद और अन्य स्थानों पर जुमे की नमाज शांतिपूर्वक अदा किए जाने के कुछ घंटे बाद इंटरनेट बहाल करने का यह कदम उठाया गया। मुगलकालीन मस्जिद के सर्वेक्षण के बाद इस जिले में हिंसा हुई थी।

## निर्वाचन आयोग के आदेश पर हटाए गए आईएएस अधिकारी रांची के उपायुक्त पद पर बहाल

**रांची :** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शिकायत के बाद विधानसभा चुनाव से पहले हटाए गए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी मंजूनाथ भजंत्री को हेमंत सोरेन सरकार ने रांची के उपायुक्त के पद पर बहाल कर दिया है। यह जानकारी एक अधिसूचना में दी गई। सोरेन के झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के कुछ घंटे बाद ही भजंत्री को पद पर बहाल करने का फैसला लिया गया। हेमंत सोरेन सरकार ने 2011 बैच के आईएएस अधिकारी भजंत्री को विधानसभा चुनाव से पहले रांची का उपायुक्त नियुक्त किया था, लेकिन भाजपा के कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी को शिकायत किए जाने के बाद 15 अक्टूबर को उन्हें पद से हटा दिया गया और झारखंड राज्य आजीविका सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर उनका तबादला कर दिया गया। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया, ''जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मंजूनाथ भजंत्री का तबादला कर उन्हें अगले आदेश तक रांची का उपायुक्त नियुक्त किया गया है।'' भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2014 बैच के अधिकारी एवं रांची के उपायुक्त वरुण रंजन को झारखंड औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम में प्रबंध निदेशक के पद पर स्थानांतरित किया गया है और उन्हें खान आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। देवघर के उपायुक्त के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भजंत्री ने आरोप लगाया था कि अगस्त 2022 में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और आठ अन्य लोग देवघर हवाई अड्डे के हवाई यातायात नियंत्रण (एटीएस) कक्ष में घुस गए और अपने चार्टर्ड विमान के लिए निर्धारित समय से पहले जबरन मंजूरी ले ली। इसके बाद दोनों के बीच सोशल मीडिया मंच पर जंग छिड़ गई थी। दुबे ने अधिकारी के खिलाफ राजद्रोह में शामिल होने और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी, लेकिन झारखंड उच्च न्यायालय ने इस वर्ष अगस्त में प्राथमिकी रद्द कर दी।

## आदिवासी लोगों की शिक्षा और कल्याण के लिए मिलकर काम करें: राज्यपाल



**जयपुर :** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आदिवासी लोगों की शिक्षा और कल्याण के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। वह यहां जवाहर कला केंद्र के शिल्प ग्राम में 'आदि महोत्सव' के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने महोत्सव में देशभर के राज्यों से भाग ले रहे शिल्पकारों और कलाकारों का अभिनंदन करते हुए लोगों से आह्वान किया कि वे दैनिक जीवन में जनजातीय उत्पादों का अधिकाधिक उपयोग करें। आधिकारिक बयान के अनुसार, बागडे ने समारोह में बिरसा मुंडा की स्मृति को नमन करते हुए कहा कि वह अंग्रेजों से ही नहीं लड़े बल्कि आदिवासी क्षेत्रों में निरंतर जागरूकता का कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 2021 से प्रति वर्ष 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस मनाया जाता है जो जनजातीय परंपराओं को सहेजने, उनके विकास और उनके समग्र कल्याण को समर्पित है। उन्होंने जनजातियों के समग्र विकास के लिए उनसे जुड़े क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर उनकी आजीविका के अधिकाधिक अवसर प्रदान करने की आवश्यकता जताई। इस महोत्सव का आयोजन जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार और ट्राइफेड ने मिलकर किया है। बागडे ने 'आदि महोत्सव' में विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकारों द्वारा प्रदर्शित उत्पाद स्टाल का अवलोकन किया।

## बाबर और औरंगजेब ने मंदिरों को तोड़कर मस्जिदें बनाईं: शिक्षा मंत्री दिलावर



**जयपुर :** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को कहा कि मुगल शासक बाबर और औरंगजेब ने मंदिरों को तोड़कर मस्जिदें बनवाई थीं। उन्होंने कहा कि अगर अदालत खुदाई का आदेश देती है तो खुदाई में मिलने वाले अवशेषों के आधार पर फैसला होगा। दिलावर का यह बयान अजमेर स्थित सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह शिव मंदिर के ऊपर बने होने के दावे से संबंधित विवाद के बीच आया। दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा करते हुए एक वाद अजमेर की स्थानीय अदालत में दायर किया गया था। अदालत ने बुधवार को वाद को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया और अजमेर दरगाह समिति, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), दिल्ली को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस बारे में पूछे जाने पर दिलावर ने कोटा में मीडिया से कहा, 'मुझे कुछ नहीं कहना न्यायालय निर्णय करेगा।' उन्होंने कहा, 'यह तो सच है कि अधिकांशतः मंदिरों को तोड़कर औरंगजेब ने, बाबर ने... इन्होंने मस्जिदें बनाई थीं। जांच होगी, जांच में अगर अदालत आदेश देती है कि खुदाई करो, तो खुदाई करने पर जो इसके अवशेष मिलेंगे उससे निर्णय हो जाएगा।'

## दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के खुले जंगलों में 40 साल बाद छोड़ा गया एक सींग वाला पहला गैंडा



**लखीमपुर खीरी :** दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में 27 वर्ग किलोमीटर के घेरे में गैंडा पुनर्वास क्षेत्र (आरआरए-1) की स्थापना के 40 साल बाद एक सींग वाला पहला गैंडा खुले जंगल में छोड़ा गया। दुधवा टाइगर रिजर्व (डीटीआर) के फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया, '12 से 15 साल के नर गैंडे रघु को बृहस्पतिवार को दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के के अंदर खुले जंगल में छोड़ा गया है।' गैंडा की रिहाई को उनके प्राकृतिक अवस्था में फिर से लाने के लिए पार्क के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्मा ने बताया कि शुक्रवार शाम तक तीन मादा गैंडों को जंगल में छोड़े जाने की योजना है। असम के काजीरंगा से आए गैंडा विशेषज्ञों की टीम के साथ-साथ डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया और वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूटीआई) के विशेषज्ञों द्वारा सावधानी पूर्वक मूल्यांकन के बाद रघु की रिहाई की गयी। इन विशेषज्ञों ने रघु और अन्य को रिहा करने से पहले बाड़ वाले पुनर्वास क्षेत्र में लगभग 10 गैंडों के व्यवहार, स्वास्थ्य और समग्र स्थिति का अध्ययन किया। वर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार को रघु को बेहोश कर दिया गया, ट्रैकिंग और निगरानी में सहायता के लिए रेडियो कॉलर लगाया गया और फिर विशेषज्ञों की देखरेख में सफलतापूर्वक जंगल में छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि यह दुधवा में गैंडों के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है, क्योंकि खुले जंगल के वातावरण में उनके अनुकूलन का आकलन करने के लिए कई महीनों तक उनकी बारीकी से निगरानी की जाएगी।

# बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा की रांची के एक अस्पताल में मृत्यु



**रांची :** आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा की शुक्रवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मंगल मुंडा (45) एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे और यहां राज्य के शीर्ष अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में उनका इलाज किया जा रहा था। अस्पताल के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने रिम्स में रात साढ़े 12 बजे अंतिम सांस ली। झारखंड के खूंटी जिले में 25 नवंबर को एक यात्री वाहन की छत से गिरने के कारण मंगल मुंडा के सिर में गंभीर चोट आई थी। रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिरेन बिरुआ ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''बिरसा मुंडा के रिश्तेदार मंगल मुंडा की रात करीब साढ़े 12 बजे हृदय गति रुकने से मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल मंगल मुंडा को 'वेंटिलेटर' पर रखा गया था। हमने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन असफल रहे।'' मंगल मुंडा को मंगलवार को खूंटी सदर अस्पताल से रिम्स रेफर किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंडा के निधन को झारखंड के आदिवासी समाज के लिए क्षति बताया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भगवान बिरसा मुंडा जी के वंशज मंगल मुंडा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनका जाना उनके परिवार के साथ ही झारखंड के जनजातीय समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों को संबल प्रदान करे।'' झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष गंगवार ने मंगल मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। सोरेन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''रिम्स में उपचाराधीन भगवान बिरसा मुंडा के वंशज श्री मंगल मुंडा जी के निधन की खबर से अत्यंत दुखी हूं। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें।'' उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रिम्स जाकर मुंडा के परिजनों से मुलाकात की। सोरेन ने मुंडा के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मंगल मुंडा जी को गंभीर चोट आई थी। चिकित्सकों ने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की। हमने भी बहुत कोशिश की। हम उनके इलाज पर नजर बनाए हुए थे। अगर जरूरत पड़ती तो हम उन्हें किसी दूसरे राज्य में ले जाने के लिए तैयार थे, लेकिन वे वेंटिलेटर पर थे। हमें समय नहीं मिला। हम उनके परिवार को हरसंभव सहायता देंगे।'' राज्यपाल गंगवार ने कहा, 'धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन की खबर अत्यंत दुखद है। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर शोकसंतप्त परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने झारखंड की स्वास्थ्य प्रणाली को लेकर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा, 'पूरे झारखंड के लिए यह दुख की बात है कि भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा अब हमारे बीच नहीं रहे। जब घायल मंगल मुंडा को रिम्स लाया गया तो वे पूरी रात एंबुलेंस में लेटे रहे लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था।'

# महाराष्ट्र: सरकारी बस पलटने से 11 यात्रियों की मौत, 25 घायल

**गोंदिया :** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार दोपहर महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस पलट जाने से कम से कम 11 यात्रियों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि 'शिव शाही' नाम से सेवा प्रदान करने वाली एमएसआरटीसी की बस 36 यात्रियों को लेकर भंडारा से गोंदिया जिले की ओर जा रही थी, लेकिन सड़क अर्जुनी तालुका के खजरी गांव में अचानक सामने आए दोपहिया वाहन से टकराने से बचने के लिए चालक ने ब्रेक लगाया जिससे बस पलट गई। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुई इस दुर्घटना में 11 यात्रियों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि घायल यात्रियों को अस्पताल ले जाया गया



है। उन्होंने कहा कि 11 मृतकों में से अब तक नौ की पहचान हो चुकी है, जबकि 50 वर्षीय दो अन्य की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में 32 वर्षीय एक महिला पुलिसकर्मी भी शामिल है, जिसकी पहचान जिले के अर्जुनी मोरगांव की स्मिता विक्की सूर्यवंशी के रूप में हुई है। उनके पति पुलिस विभाग में काम करते थे और कुछ साल पहले किसी बीमारी के कारण उनका निधन हो गया। उन्हें अनुकंपा के आधार पर विभाग में नौकरी दी गई थी और वर्तमान में वह गोंदिया में पुलिस मुख्यालय में तैनात थीं। पुलिस ने बताया कि वह अपने ससुराल वालों और एक बेटे के साथ रहती थीं और अपने परिवार से मिलने के बाद ड्यूटी पर लौट रही थीं। पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए 10-10 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की। शिंदे ने गोंदिया के जिलाधिकारी से बात की और निर्देश दिया कि सभी घायल यात्रियों को उचित इलाज और चिकित्सीय देखभाल प्रदान की जाए। एक बयान में उनके हवाले से कहा गया कि जरूरत पड़ने पर उन्हें विशेष उपचार के लिए निजी अस्पतालों में भर्ती कराया जाना चाहिए और इसका खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। निवर्तमान सरकार में उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बस दुर्घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। 'एक्स' पर एक पोस्ट में फडणवीस ने कहा कि यदि आवश्यक हो तो घायल यात्रियों का इलाज निजी अस्पतालों में किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''मैंने गोंदिया के जिलाधिकारी से भी कहा है कि अगर जरूरत पड़े तो घायलों को इलाज के लिए नागपुर ले जाने की व्यवस्था करें।'' फडणवीस ने बताया कि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और राहत पहुंचाने के प्रयासों का समन्वय कर रहे हैं।

## महायुति की बैठक स्थगित, पैतृक गांव पहुंचे शिंदे, सरकार गठन में देरी

**नयी दिल्ली :** मुंबई :महाराष्ट्र के निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के अपने पैतृक गांव जाने के कारण शुक्रवार को होने वाली महायुति की महत्वपूर्ण बैठक स्थगित हो गई, जिसकी वजह से चुनाव परिणाम घोषित होने के एक सप्ताह बाद भी नयी सरकार नहीं बन पाई है। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सूत्रों ने कहा कि अब महायुति की बैठक रविवार को मुंबई में होने की उम्मीद है। महायुति के सबसे बड़े घटक दल भाजपा के नेताओं ने कहा कि वे विधायक दल की बैठक के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों के आने का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच, शिवसेना नेता उदय सामंत ने इन अटकलों को खारिज कर दिया कि शिंदे नाराज हैं, और इसी वजह से पैतृक गांव के लिए रवाना हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि नयी सरकार का शपथ ग्रहण अगले सप्ताह होने की उम्मीद है।



शिंदे ने बृहस्पतिवार रात नयी दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि सरकार गठन के सिलसिले में केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के साथ बातचीत सकारात्मक रही और अगले दौर की चर्चा शुक्रवार को मुंबई में होगी। हालांकि, भाजपा सूत्रों ने कहा कि शुक्रवार को महायुति नेताओं की कोई बैठक निर्धारित नहीं थी।

## संसद में अदाणी और संभल मुद्दे पर गतिरोध बरकरार, नहीं चल पाए दोनों सदन



**नयी दिल्ली :**अदाणी समूह पर लगे आरोपों और संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर संसद में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को भी गतिरोध कायम रहा तथा राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद, जबकि लोकसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 25 नवंबर को हुई थी और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण पहले सप्ताह दोनों सदनों में गतिरोध कायम रहने से कोई महत्व-पूर्ण विधायी कामकाज नहीं हो पाया। निचले सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर जैसे ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। कांग्रेस सदस्य अदाणी समूह से जुड़े मामले को उठा रहे थे, वहीं सपा सांसद संभल हिंसा का मुद्दा उठाते देखे गए।

## पार्टी की मजबूती के लिए कठोर निर्णय लेंगे, ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया संदिग्ध बना दी: खरगे

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को पार्टी कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में हार को लेकर दो-टूक कहा कि अब जवाबदेही तय की जाएगी तथा कठोर निर्णय लिए जाएंगे। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है और ऐसे में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराना निर्वाचन आयोग का संवैधानिक दायित्व है। कार्य समिति ने यह फैसला किया कि चुनावी प्रक्रिया से ''हो रहे गंभीर समझौते'' से जुड़ी चिंता को राष्ट्रीय आंदोलन



के रूप में उठाया जाएगा। पार्टी का यह भी कहना है कि वह इस मुद्दे पर 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों को भी साथ लेगी। पार्टी ने चुनावी प्रदर्शन और संगठन के मामलों पर विचार के लिए एक आंतरिक समिति गठित करने का फैसला भी किया है। खरगे की अध्यक्षता में हुई सीडब्ल्यूसी की बैठक में हालिया विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन, संभल हिंसा की पृष्ठभूमि में उपासना स्थल कानून, मणिपुर हिंसा और कई अन्य विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश और पार्टी के कई अन्य नेता शामिल हुए। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में हालिया चुनावी नतीजों, ईवीएम और मत पत्रों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। करीब साढ़े चार घंटे तक चली मैराथन बैठक में 81 नेताओं ने हिस्सा लिया।

## रेल यात्रियों को प्रतिदिन 13 लाख लीटर 'रेल नीर' की आपूर्ति की जा रही है: सरकार

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने कहा है कि देश भर के रेलवे नेटवर्क पर प्रतिदिन लगभग 13 लाख लीटर बोतलबंद पेयजल- 'रेल नीर'- की आपूर्ति की जा रही है। सरकार ने सभी स्टेशनों पर सुरक्षित और पीने योग्य पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के भारतीय रेलवे के प्रयासों के बारे में लोकसभा में पूछे गये एक सवाल के लिखित जवाब में वहां स्थापित जल वेंडिंग मशीनों (डब्ल्यूवीएम) का क्षेत्रवार विवरण भी प्रदान किया। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर जांच और




आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने भाजपा सांसद अनूप संजय धोत्रे द्वारा देश भर के रेलवे स्टेशनों पर पेयजल की आपूर्ति के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा, ''पेयजल सुविधाओं का नियमित निरीक्षण और रखरखाव किया जाता है और शिकायतों का तुरंत समाधान किया जाता है।'' उन्होंने कहा कि सेवाओं की कमी की शिकायतें प्राप्त होना और उन पर की गई कार्रवाई एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए इनका केंद्रीकृत संग्रह नहीं रखा जाता है। वैष्णव ने कहा, ''भारतीय रेलवे ट्रेनों और स्टेशनों पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा अनुमोदित सुरक्षित और किफायती बोतलबंद पेयजल - रेल नीर - भी उपलब्ध कराता है।'' उन्होंने कहा, ''भारतीय रेलवे नेटवर्क में ट्रेनों और स्टेशनों पर यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रतिदिन लगभग 13 लाख लीटर रेल नीर की आपूर्ति की जा रही है।''

## मैं जुलाना में ही हूं, जिंदा हूं और कहीं गुमशुदा नहीं हूं : विनेश फोगाट

**जींद :** हरियाणा के जींद जिले के जुलाना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की विधायक और ओलंपियन विनेश फोगाट ने सोशल मीडिया पर वायरल हुये 'लापता विधायक की तलाश' संबंधी पोस्टर मामले में कहा कि वह क्षेत्र में ही हैं और जिंदा हैं तथा गुमशुदा नहीं हैं। विनेश ने कहा, ''मैं जुलाना में ही हूं, जिंदा हूं और कहीं गुमशुदा नहीं हूं। मैं अपनों के बीच रही हूं और अपनों के बीच ही रहूंगी। एक महीने में कोई गुमशुदा नहीं हो जाता।'' कांग्रेस विधायक ने शुक्रवार को जींद स्थित अपने कार्यालय पर लोगों की समस्यायें सुनी और कहा कि जुलाना को विकास के मामले में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। गौरतलब है कि बीते सप्ताह कांग्रेस



विधायक विनेश फोगाट की गुमशुदगी के पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। विपक्ष के लोग पोस्टर पर जमकर चुटकी भी ले रहे हैं। गुमशुदा विधायक के पोस्टर वायरल करने के मामले में कांग्रेस नेता ने कहा, ''यह लोगों की ओछी मानसिकता है। वह गुमशुदा नहीं हैं और जिंदा है। विधायक बने अभी एक महीना ही तो हुआ है। ऐसे में वह लगातार लोगों के बीच जा रही हैं।''

## एसआईटी ने तिरुपति लड्डू में मिलावटी घी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच शुरू की

**तिरुपति (आंध्र प्रदेश) :** पांच सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पिछली वाईएसआर-सीपी सरकार के दौरान तिरुमला पहाड़ी पर स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रसाद (लड्डू) बनाने में मिलावटी घी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। आंध्र प्रदेश पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशु वसा के उपयोग के आरोपों की जांच के लिए एक स्वतंत्र एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया था। उसके बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस माह के आरंभ में पांच अधिकारियों की एक समिति गठित की। समिति में दो अधिकारी इस केंद्रीय एजेंसी से, दो आंध्र प्रदेश पुलिस से और एक भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से हैं। आंध्र प्रदेश के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एवं एसआईटी सदस्य सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने कहा, '' जांच शुरू हो गयी है।'' उन्होंने इससे ज्यादा कुछ नहीं बताया। इस घटनाक्रम के करीबी सूत्रों ने कहा कि एसआईटी ने यहां एक कार्यालय स्थापित किया है और अपना कामकाज शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि जांच के तहत एसआईटी ने पिछली सरकार के दौरान तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा खरीदे गये घी के रिकार्ड और गुणवत्ता को स्वीकार करने एवं वस्तु प्राप्त करने की प्रक्रिया का सत्यापन किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पहले कहा था कि एसआईटी जांच तिरुपति-पूर्व थाने में इस मुद्दे पर राज्य सरकार द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी पर आधारित होगी।

## ईडी ने अश्लील सामग्री से जुड़े धनशोधन मामले में राज कुंद्रा, अन्य के परिसरों पर छापे मारे

**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अश्लील (पॉर्नोग्राफी) और वयस्क फिल्मों के कथित वितरण से जुड़े धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति एवं कारोबारी राज कुंद्रा तथा कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर शुक्रवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मुंबई और उत्तर प्रदेश के कुछ शहरों में करीब 15 स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं उनमें 49 वर्षीय कुंद्रा और कुछ अन्य व्यक्तियों के आवास एवं कार्यालय शामिल हैं। ऐसा माना जा रहा है कि एजेंसी इनमें से एक परिसर में कुंद्रा से पूछताछ कर रही है। धनशोधन का यह मई,



2022 का मामला कुंद्रा और अन्य के खिलाफ दायर मुंबई पुलिस की कम से कम दो प्राथमिकी और आरोप पत्र से जुड़ा है। इस मामले में कुंद्रा और कुछ अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया था और बाद में उन्हें जमानत दे दी गई थी। कुंद्रा के खिलाफ यह धनशोधन का दूसरा मामला है। निदेशालय ने इस साल की शुरुआत में क्रिप्टो करेंसी मामले में कुंद्रा और शेट्टी की 98 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी लेकिन दंपति को ईडी के इस कुर्की आदेश के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय से राहत मिल गई थी। व्यवसायी ने 2021 में मुंबई की एक स्थानीय अदालत में कहा था कि अभियोजन पक्ष (मुंबई पुलिस) के पास ऐसा कोई सबूत नहीं है जो कथित रूप से पॉर्न फिल्म गिरोह में इस्तेमाल की गई ऐप 'हॉटशॉट्स' को कानून के तहत अपराध से जोड़ सके।

## जो चौकीदार 2019 में उनके लिये 'चोर' था, वह 2024 आते-आते 'ईमानदार' हो गया: मोदी का विपक्ष पर तंज

**भुवनेश्वर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर सत्ता हासिल करने के लिए देश को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि 'सत्ता के भूखे' ये लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं। उन्होंने इस क्रम में साल 2019 के लोकसभा चुनाव में राफेल विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस की ओर से चलाए गए 'चौकीदार चोर है' अभियान का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जो 'चौकीदार' 2019 में उनके लिए 'चोर' था, वह साल 2024 आते-आते 'ईमानदार' हो गया और अब वे एक बार भी चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते। उन्होंने कहा, ''इनका (विपक्ष का)



मकसद सिर्फ यही है कि किसी तरह देश की जनता को गुमराह करने के लिये सत्ता पर कब्जा किया जाए, ताकि देश को लूटा जा सके।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि लगातार हो रही चुनावी हार ने विपक्षी दलों के भीतर इतना गुस्सा भर दिया है कि वे अब देश के खिलाफ 'साजिश' करने में जुट गए हैं और अपना गुस्सा जनता पर ही निकालने लगे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओडिशा इकाई की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''उनकी झूठ और अफवाह की दुकान 50-60 साल से चल रही है। अब उन्होंने इस अभियान को और तेज कर दिया है।'' उन्होंने कहा, ''इनका मकसद सिर्फ यही है कि किसी तरह देश की जनता को गुमराह करने के लिये सत्ता पर कब्जा किया जाए, ताकि देश को लूटा जा सके।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''सत्ता के भूखे ये लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं। जब इनका एक झूठ लोगों पर काम नहीं करता, तो उससे बड़ा दूसरा झूठ ये गढ़ते हैं। ये अपने कार्यकर्ताओं को भी झूठा दिलासा देने के लिए यही करते हैं।'' उन्होंने विपक्ष के कारनामों को बहुत बड़ी चुनौती करार दिया और देशवासियों से हर पल सतर्क और जागरूक रहने का आह्वान किया।

## डॉ राजेंद्र प्रसाद की स्मृतियों के साथ नहीं किया गया इंसाफ: हरिवंश

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने शुक्रवार को कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा.राजेंद्र प्रसाद की स्मृतियों के साथ न्याय नहीं किया गया, जबकि उनके कई समकालिकों का मानना था कि वह महात्मा गांधी के सच्चे उत्तराधिकारी थे। यहां डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मृति व्याख्यान देते हुए हरिवंश ने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति एक साधारण पृष्ठभूमि वाले महान व्यक्ति थे। उन्होंने कहा, ''वह दिखने में साधारण थे, लेकिन वह एक महान व्यक्ति थे। वह एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी, अंतरिम सरकार में मंत्री और कांग्रेस तथा संविधान सभा के अध्यक्ष थे।'' उन्होंने कहा, ''उस दौर के सभी प्रमुख गांधीवादियों ने कहा कि वह गांधी के एकमात्र सच्चे उत्तराधिकारी थे।'' उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उनके बारे में पर्याप्त चर्चा नहीं की गई और इस संबंध में उन्होंने प्रख्यात लेखक हरिवंश राय बच्चन का हवाला दिया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### असम में पांच अवैध बांग्लादेशी प्रवासी पकड़े गए, वापस भेजे गए

**गुवाहाटी :** असम पुलिस ने बांग्लादेश से आए पांच अवैध प्रवासियों को पकड़कर उन्हें पड़ोसी देश के अधिकारियों को सौंप दिया। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हालांकि, मुख्यमंत्री ने यह नहीं बताया कि इन अवैध प्रवासियों को भारत-बांग्लादेश सीमा के किस सेक्टर से पकड़ा गया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत-बांग्लादेश सीमा पर सतर्कता दिखाते हुए असम पुलिस ने पांच अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ लिया, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास भारतीय क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश कर रहे थे और उन्हें सीमा पार वापस भेज दिया। जिन लोगों को पकड़ा गया, उनकी पहचान डुडू मिया चकदर, अनुवर हुसैन, इमरान हसन, मोहम्मद महबूब और नाहर बेगम के तौर पर की गई है।

### दिल्ली: प्रशांत विहार में धमाके के एक दिन बाद निजी स्कूल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के रोहिणी के एक निजी स्कूल को शुक्रवार को बम विस्फोट की धमकी का ईमेल मिला। यह स्कूल प्रशांत विहार के उस स्थल के एक किलोमीटर दायरे में है जहां बृहस्पतिवार को कम तीव्रता का धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि स्कूल परिसर में गहन तलाशी के बाद धमकी महज अफवाह साबित हुई। एक अधिकारी के अनुसार, 'वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल' (वीजीएस) को सुबह 10 बजकर 57 मिनट पर आए बम विस्फोट की धमकी के ईमेल को लेकर दिल्ली पुलिस को जानकारी मिली। स्कूल उस जगह से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जहां बृहस्पतिवार को कम तीव्रता का धमाका हुआ था।

### तमिलनाडु में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की निर्मम हत्या

**तिरुपुर (तमिलनाडु) :** तिरुपुर के एक गांव में शुक्रवार को एक बुजुर्ग, उनकी पत्नी और बेटे की उनके घर में घुसकर अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। हत्यारों का पता लगाने के लिए पुलिस की कई टीम गठित की गई हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल 78 वर्षीय देवसिगामनी ने अस्पताल में दम तोड़ा, जबकि उनकी पत्नी अलामेलु (75) और बेटे सेंथिलकुमार (46) सेवलाई गौंदेनपुदुर गांव में घर के अंदर मृत मिले। उसने बताया कि घर से सोने के आठ आभूषण चोरी हुए हैं। पुलिस के अनुसार, सेंथिलकुमार अपनी पत्नी और सात तथा 12 वर्ष के बच्चों के साथ कोयंबटूर में रहते थे। उसने बताया कि वह 28 नवंबर की रात को एक रिश्तेदार की शादी के सिलसिले में अपने माता-पिता के घर आये थे। पुलिस की एक वरिष्ठ अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि अपराध में धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया और ग्रामीणों ने इस घटना के बारे में सूचित किया। जांच के लिए चार से पांच टीम बनाई गई हैं और पूरे राज्य में वाहनों की जांच तेज कर दी गई है। उन्होंने कहा, ''हम जल्द ही हत्यारों को पकड़ लेंगे।'' उन्होंने कहा कि हत्याओं में एक से अधिक लोगों के संलिप्त होने का शक है।

### ग्यारह वर्षीय लड़की की गला रेतकर हत्या, शव खेत में मिला

**भदोही (उप्र) :** कोतवाली थाना अंतर्गत एक खेत में शुक्रवार को 11 साल की लड़की का शव मिला है। पुलिस ने बताया कि लड़की की किसी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक मिश्र ने बताया कि 24 नवंबर को पड़ोस के गांव रड़ाई के राजकुमार विश्वकर्मा की बेटी लक्ष्मी (11) बारात देखने गई थी, लेकिन वह घर वापस नहीं लौटी। दो दिन तक बेटी की तलाश करने के बाद उसकी मां दीपशिखा ने 26 नवंबर को कोतवाली में अपनी बेटी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने कहा कि शुक्रवार दोपहर दीपशिखा के घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर एक खेत में लक्ष्मी की लाश मिलने की सूचना पर फॉरेंसिक टीम के साथ पुलिस मौके पर पहुंची। मिश्र ने कहा कि किसी धारदार हथियार से लड़की की गला रेतकर हत्या की गई है और उसके पेट का पूरा हिस्सा गायब है।

## न्यूज अपडेट

### दिल्ली में महिलाओं को 1,000 रुपये मासिक सहायता देने के लिए पंजीकरण जल्द शुरू होगा: केजरीवाल

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं को 1,000 रुपये मासिक मानदेय देने के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत पंजीकरण जल्द ही शुरू होगा। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के बुराड़ी में आप के पदयात्रा अभियान के दौरान इस योजना के बारे में केजरीवाल ने कहा कि आवेदक महिला राष्ट्रीय राजधानी की पंजीकृत मतदाता होनी चाहिए। मार्च में प्रस्तुत वित्त वर्ष 2024-25 के अपने बजट में आप नीत सरकार ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा की थी, जिसमें 2,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 18 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक पात्र महिला को 1,000 रुपये प्रति माह भुगतान करने का वादा किया गया।

### जांच में 90 दवाओं के नमूने मानक गुणवत्ता के नहीं पाए गए

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने अक्टूबर में केंद्रीय दवा प्रयोगशालाओं में परीक्षण किये गये 56 दवा नमूनों को मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं (एनएसक्यू) पाया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि इसके अलावा, राज्य दवा नियामकों द्वारा परीक्षण किए गए 34 दवा नमूनों की भी एनएसक्यू के रूप में पहचान की गई है। बिहार औषधि नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा अक्टूबर में एकत्र किये गए तीन दवा नमूनों की पहचान नकली के रूप में की गई है। इन्हें किसी अन्य कंपनी के स्वामित्व वाले ब्रांड नाम का उपयोग करके अनधिकृत और अज्ञात निर्माताओं द्वारा निर्मित किया गया था। मंत्रालय ने कहा, ''मामले की जांच शुरू कर दी गई है।'' इसमें कहा गया है, ''एनएसक्यू और नकली दवाओं की पहचान करने की यह कार्रवाई राज्य नियामकों के सहयोग से नियमित आधार पर की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन दवाओं की पहचान की जाए और उन्हें बाजार से हटा दिया जाए।'' एक या अन्य निर्दिष्ट गुणवत्ता मापदंडों पर दवा के नमूनों के खरा नहीं उतरने के आधार पर किसी दवा को 'एनएसक्यू' कहा जाता है।

### अंडमान मादक पदार्थ जब्ती: तस्करों ने भारत एवं अन्य दक्षिण एशियाई देशों में किये थे कॉल

**पोर्ट ब्लेयर :** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक नौका (ट्रॉलर) से करीब 6,000 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किये जाने के कुछ दिनों बाद जांचकर्ताओं ने पाया कि तस्करों ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में अपने संपर्कों को कई कॉल की थी जिनमें उत्तर भारत का एक व्यक्ति भी था। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तस्करों ने अपने सिस्टम में दक्षिण अंडमान के नील द्वीप और मध्य अंडमान में रंगत के नौवहन विवरण भी दर्ज कर लिए थे। भारतीय तटरक्षक बल के साथ मिलकर अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने 6,000 किलोग्राम से अधिक मेथामफेटामाइन बरामद किया था तथा मादक पदार्थ के अंतरराष्ट्रीय गिरोह के बर्मी मूल के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया था । इस तस्करी के लिए विशेष रुप से तैयार की गयी उनकी नौका जब्त की गयी थी। देश में मादक पदार्थों की यह सबसे बड़ी एकल बरामदगी है। पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल ने ''पीटीआई-भाषा'' से कहा, '' हमारी जांच से पता चला कि उन्होंने इंडोनेशिया में सुमात्रा के नौवहन विवरण और अंडमान में नील द्वीप और रंगत के नौवहन विवरण भी (अपने सिस्टम में) दर्ज कर लिये थे। यह आश्चर्य की बात थी क्योंकि ऐसा माना गया था कि यह खेप भारत के लिए नहीं थी। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उन्होंने अंडमान में इन दो स्थानों के विवरण क्यों दर्ज किये थे।''

### ईडी ने 'क्वालिटी लिमिटेड' के पूर्व प्रवर्तकों के खिलाफ मामले में नकदी और लग्जरी कारें जब्त कीं

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1,400 करोड़ रुपये के कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में डेयरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी 'क्वालिटी लिमिटेड' के पूर्व प्रवर्तकों की तलाशी के बाद 1.3 करोड़ रुपये नकद और मुखौटा कंपनियों से संबंधित 'साक्ष्य' जब्त किए है। ईडी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया है कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत लगभग साढ़े छह करोड़ रुपये मूल्य के 'लग्जरी' वाहन और 'डीमैट' खाते भी 'फ्रीज' कर दिए गए हैं। संघीय एजेंसी ने इस मामले में 27 नवंबर को दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र(एनसीआर) में 15 स्थानों पर छापेमारी की थी, जिसमें संजय ढींगरा और सिद्धांत गुप्ता जैसे पूर्ववर्ती कंपनी के प्रवर्तकों तथा निदेशकों के परिसरों के अलावा उनसे संबंधित कुछ मुखौटा कंपनियों के परिसर भी शामिल थे।

## महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ रु जारी करने का आदेश भाजपा के विरोध को लेकर वापस लिया गया

**मुंबई :** महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 10 करोड़ रुपये की निधि जारी करने संबंधी एक सरकारी प्रस्ताव जारी किये जाने के एक दिन बाद, राज्य सरकार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विरोध के बीच शुक्रवार को यह आदेश वापस ले लिया। राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने इस बात की पुष्टि की है कि आदेश वापस ले लिया गया है। महायुति गठबंधन के तहत, हालिया विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाली भाजपा ने सरकारी प्रस्ताव का यह कहते हुए विरोध किया कि निर्णय प्रशासनिक स्तर पर लिया गया था और संविधान में वक्फ बोर्ड का कोई उल्लेख नहीं है। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त होने के बाद एकनाथ शिंदे वर्तमान में कार्यवाहक मुख्यमंत्री हैं। सत्तारूढ़ महायुति ने राज्य में सत्ता बरकरार रखी है। गठबंधन ने 288 सीट में से 230 पर जीत दर्ज की। भाजपा ने 132, शिंदे नीत शिवसेना ने 57 और अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने 41 सीट जीती है। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आदेश में कहा गया कि वित्त एवं नियोजन विभाग ने महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 10 करोड़ रुपये के अनुदान को मंजूरी दी है। बोर्ड का मुख्यालय छत्रपति संभाजीनगर में है। यह पूछे जाने पर क्या सरकारी प्रस्ताव वापस ले लिया गया, सौनिक ने इस घटनाक्रम की पुष्टि की। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, राज्य वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 2024-25 के लिए 20 करोड़ रुपये मंजूर किये गए थे। इसमें से दो करोड़ रुपये बोर्ड को हस्तांतरित किये जा चुके हैं।

# सिंधू, लक्ष्य सैयद मोदी इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में



**लखनऊ :** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला और पुरूष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त दो बार की चैम्पियन सिंधू ने चीन की दाइ वांग को 48 मिनट तक चले महिला एकल क्वार्टर फाइनल में 21-15, 21-17 से हराया। वहीं 2021 विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में मेराबा लुवांग मेस्नाम को 21-8, 21-19 से शिकस्त दी। दूसरे वरीय प्रियांशु राजावत ने भी पुरुष एकल में हांगकांग के एनगुयेन हाई डांग को 21-13 21-8 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सिंधू ने जीत के बाद कहा, 'आज का मैच अहम था। वह भले ही निचली रैंकिंग वाली खिलाड़ी है लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैने अपनी गलतियां सुधार ली हैं और उन्हें नहीं दोहराऊंगी। मैने शुरू से आक्रामक खेल दिखाया।' सिंधू विश्व रैंकिंग में 18वें और वांग 118वें स्थान पर हैं। अब उनका सामना भारत की ही उन्नति हुड्डा से होगा जबकि लक्ष्य जापान के शोगो ओगावा से खेलेंगे। प्रियांशु का सामना चौथे वरीय सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह से होगा। लक्ष्य ने कहा, 'यह अच्छा मैच था। मैं प्रदर्शन से खुश हूं। दूसरा गेम कठिन था लेकिन यह अच्छी बात है कि मैं जीत सका।' ओडिशा ओपन 2022 विजेता हुड्डा ने अमेरिका की इशिका जायसवाल को 21-16, 21-9 से हराया। शीर्ष वरीय तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने भी महिला युगल के अंतिम चार में जगह बना ली। उन्होंने हमवतन प्रिया कोंजेंगबाम और श्रुति मिश्रा पर 21-12 17-21 21-16 से जीत दर्ज की। महिला युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने छठी वरीयता प्राप्त गो पेइ की और तियो मेइ शिंग को 21-8, 21-15 से शिकस्त दी। मिश्रित युगल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने मलेशिया के लू बिंग कुन और हो लो इ को 21-16, 21-13 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष युगल में पी कृष्णामूर्ति रॉय और सा प्रतीक के का सामना सेमीफाइनल में हमवतन ईशान भटनागर और एस प्रसाद उदयकुमार की जोड़ी से होगा। आठवीं वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी पुरूष एकल में ओगावा से 7-21, 14-21 से हारकर बाहर हो गए। महिला एकल में तसनीम मीर और श्रियांशी वी भी क्वार्टरफाइनल में हारकर बाहर हो गई।

## महिला सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी : चंडीगढ़, मिजोरम, मध्य प्रदेश और हरियाणा जीते

**सिकंदराबाद :** चंडीगढ़, मिजोरम, मध्य प्रदेश और हरियाणा ने शुक्रवार को यहां 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में अपने मुकाबले जीत लिये। पूल ई में चंडीगढ़ ने केरल को 3-2 से मात दी। मिजोरम ने इसी पूल में अरूणाचल प्रदेश पर 11-0 से जीत दर्ज की। पूल एफ में दिल्ली और बिहार ने गोलरहित ड्रॉ खेलकर अंक बांटे। मध्य प्रदेश ने पूल एच में आंध प्रदेश को 11-1 से रौंद दिया। पूल ए के मुकाबले में हरियाणा ने दादर एवं नगर हवेली और दमन दीव को 9-1 से मात दी जबकि महाराष्ट्र और पंजाब के बीच पूल जी में मैच 2-2 से ड्रॉ रहा।

# आईसीसी का पीसीबी को अल्टीमेटम: हाइब्रिड मॉडल स्वीकार करो या पाक के बिना होगी चैंपियंस ट्रॉफी



**नयी दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अड़ियल रुख पर कड़ा रवैया अपनाते हुए कहा है कि वह या तो हाइब्रिड मॉडल अपनाए या फिर इस प्रतियोगिता से बाहर होने के लिए तैयार रहे। पीसीबी ने शुक्रवार को दुबई में आईसीसी कार्यकारी बोर्ड की आपात बैठक में हाइब्रिड मॉडल के अनुसार प्रतियोगिता की मेजबानी करने से स्पष्ट इनकार कर दिया था। आपात बैठक का उद्देश्य अगले साल फरवरी-मार्च में कार्यक्रम की रूपरेखा तय करना था, लेकिन सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत के पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार करने के बावजूद पीसीबी ने एक बार फिर 'हाइब्रिड' मॉडल को खारिज कर दिया, जिसके बाद आम सहमति नहीं बन सकी। यह समझा जाता है कि आईसीसी बोर्ड के अधिकतर सदस्य पाकिस्तान की स्थिति के प्रति सहानुभूति रखते थे, लेकिन पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी को फिर भी मौजूदा विवाद के लिए हाइब्रिड मॉडल को एकमात्र समाधान के तौर पर स्वीकार करने की सलाह दी गई। यदि हाइब्रिड मॉडल अपनाया जाता है, तो भारत चैंपियंस ट्रॉफी के अपने में संयुक्त अरब अमीरात में खेलेगा। आईसीसी बोर्ड के एक सूत्र ने कहा,'कोई भी प्रसारणकर्ता आईसीसी की ऐसी किसी भी प्रतियोगिता के लिए पैसा नहीं देगा जिसमें भारत शामिल न हो। पाकिस्तान इस बात को अच्छी तरह से जानता है। पाकिस्तान के हाइब्रिड मॉडल पर सहमत होने के बाद ही शनिवार को आईसीसी की बैठक होगी।' उन्होंने कहा,''यदि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार नहीं करता है तो चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन एक अन्य देश में किया जा सकता है और उसमें पाकिस्तान शामिल नहीं होगा।' इससे पहले कार्यकारी बोर्ड की बैठक संक्षिप्त रही क्योंकि पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने स्पष्ट किया कि भारतीय टीम को पाकिस्तान दौरे के लिए अपनी सरकार से मंजूरी नहीं मिलने के बावजूद उन्हें 'हाइब्रिड मॉडल' मंजूर नहीं है। आईसीसी के पूर्णकालिक सदस्य देश के अधिकारी और बोर्ड के सदस्य ने पीटीआई से कहा , 'कार्यकारी बोर्ड की आज संक्षिप्त बैठक हुई। सभी पक्ष 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के सकारात्मक समाधान के लिए काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि बोर्ड शनिवार को फिर से बैठक करेगा और समाधान निकलने तक इसे जारी रखेगा।' इस बीच दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के रुख को दोहराया कि भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से जब नियमित संवाददाता सम्मेलन में भारतीय टीम के चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा,'बीसीसीआई ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि वहां सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं हैं और इसलिए यह संभावना नहीं है कि टीम वहां जाएगी।'

## विश्व शतरंज चैम्पियनशिप में गुकेश और लिरेन ने चौथी बाजी ड्रॉ खेली




**सिंगापुर :** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन ने किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझा और शुक्रवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की चौथी बाजी ड्रॉ खेली जिससे दोनों खिलाड़ी बराबरी पर बने हुए हैं। दोनों खिलाड़ियों ने 42 चाल के बाद बाजी ड्रॉ कराने पर सहमति जताई। इस तरह से 14 दौर के इस मुकाबले में चार दौर के बाद दोनों खिलाड़ी दो-दो अंक लेकर बराबरी पर हैं। जो भी खिलाड़ी पहले 7.5 अंक हासिल करेगा वह विश्व चैंपियन बनेगा। विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला खेल रहे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश ने बुधवार को तीसरी बाजी जीतकर बराबरी की थी। गुकेश ने मैच के बाद कहा, 'बाजी जब समाप्ति की ओर बढ़ रही थी तब मेरे पास कुछ मौके थे लेकिन काले मोहरों से खेलते हुए आप इसी तरह के परिणाम की उम्मीद कर सकते हैं।' गुकेश से जब सबसे कम उम्र का विश्व चैंपियन बनने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'अभी मैं केवल अच्छी चाल चलने पर ध्यान दे रहा हूं।' चीन के 32 वर्षीय खिलाड़ी लिरेन ने पहली बाजी जीतकर अच्छी शुरुआत की थी। दूसरी बाजी ड्रॉ रही थी। लिरेन ने कहा, 'मैं किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता था। इससे मैं थोड़ा फायदे की स्थिति में रहा। अभी स्कोर बराबरी पर है काफी बाजियां खेली जानी बाकी हैं।' उन्होंने कहा, 'पिछली बाजी में हार से उबरने के लिए मुझे एक दिन के विश्राम का मौका मिला। मैं बहुत अच्छे मूड में हूं। विश्राम मिलने से मुझे फायदा हुआ।' अब जबकि क्लासिकल टाइम कंट्रोल से खेली जा रही इस प्रतियोगिता में 10 बाजियां बची हैं तब गुकेश पांचवें दौर में सफेद मोहरों से खेलने के कारण फायदे की स्थिति में हैं। लिरेन ने शुक्रवार को रानी के पास स्थित ऊंट को निशाना बनाकर जता दिया था कि वह गुकेश से अपनी तैयारी नहीं बल्कि कौशल के आधार पर मुकाबला करना चाहते हैं। भारतीय खिलाड़ी ने भी चीनी खिलाड़ी की हर चाल का अच्छी तरह से आकलन करके मुकाबले को बराबरी पर बनाए रखा। यह बाजी आखिर में हाथी और प्यादों के साथ समाप्त हुई और दोनों खिलाड़ी अंक बांटकर खुश थे।

## अंगूठे की चोट से उबरकर नेट्स पर लौटे गिल

**कैनबरा :** अंगूठे की चोट के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट से बाहर रहे शुभमन गिल ने फिट होने के बाद शुक्रवार को भारतीय टीम के साथ नेट्स पर अभ्यास किया। पहले टेस्ट में गिल की कमी महसूस नहीं हुई क्योंकि भारत ने 295 रन से जीत दर्ज की। पिछले दौरे पर उनके शानदार फॉर्म को देखते हुए हालांकि टीम को उसकी जरूरत है। शीर्षक्रम के बल्लेबाजों ने नेट्स पर यश दयाल और आकाश दीप की गेंदों का सामना किया।भारत को कल से आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच खेलना है। गिल की गैर मौजूदगी में तीसरे नंबर पर उतरे देवदत्त पडिक्कल प्रभाव नहीं छोड़ सके। गिल हालांकि शीर्ष क्रम की बजाय मध्यक्रम में उतर सकते हैं क्योंकि रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में केएल राहुल ने पारी की शुरूआत करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। रोहित अब यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज करेंगे जिससे राहुल तीसरे और गिल पांचवें नंबर पर उतर सकते हैं।

## न्यूज अपडेट

### जूनियर राष्ट्रीय खो खो चैम्पियनशिप : महाराष्ट्र ने दो स्वर्ण पदक जीते

**अलीगढ़ :** महाराष्ट्र के लड़कों और लड़कियों की टीम ने शुक्रवार को यहां समाप्त हुई 43वीं जूनियर राष्ट्रीय खो खो चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीते। लड़कों की टीम का यह लगातार 19वां और कुल 35वां स्वर्ण पदक था। बालिकाओं की टीम ने लगातार 10वां और कुल 26वां खिताब अपने नाम किया। लड़कों के फाइनल में महाराष्ट्र ने ओडिशा को 33-29 से मात दी जबकि लड़कियों के वर्ग में महाराष्ट्र ने ओडिशा को 24-20 से शिकस्त दी।

### बोपन्ना, नागल ने आईओसीएल के लिए पीएसपीबी अंतर इकाई टेनिस खिताब जीता

**पुणे :** इंडियन ऑयल कोरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की पुरुष और महिला टीमों ने शुक्रवार को यहां क्रमश: ओएनजीसी और गेल को हराकर पीएसपीबी अंतर इकाई लॉन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। आईओ-सीएल ने ओएनजीसी को पुरुष टीम के फाइनल में 2-1 से हराया जबकि मिला टीम ने गेल को 2-0 से मात दी। डेविस कप खिलाड़ी दिविज शरण और रोहन बोपन्ना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विष्णु वर्धन और युकी भांबरी के खिलाफ तीन सेट का रोमांचक मुकाबला 6-7(5), 7-6(5), 10-7 से जीत लिया। दोनों टीमों ने एक एक एकल मुकाबले जीते थे। ओए-नजीसी के वर्धन ने शुरूआती एकल में दिविज को 6-3, 6-3 से हराया जिसके बाद सुमित नागल ने युकी को 6-2, 6-3 से हराकर आईओसीएल को बराबरी पर ला दिया। महिलाओं की टीम स्पर्धा में आईओसीएल की रिया भाटिया ने गेल की लक्ष्मीसिरी दांडू को 6-3, 6-3 से ओलंपियन प्रार्थना थोम्बरे ने भी सोहिनी मोहंती को समान अंतर से मात दी।

### हरमनप्रीत ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की वनडे जर्सी का अनावरण किया

**मुंबई :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को यहां बोर्ड मुख्यालय में टीम की वनडे के लिए नई जर्सी का अनावरण किया। महिला टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 22 दिसंबर से वडोदरा में खेली जाने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान नई जर्सी पहनेगी। हरमनप्रीत ने कहा, 'जर्सी का अनावरण करना सम्मानजनक है और वास्तव में खुशी है कि हम पहली टीम हैं जो वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ यह जर्सी पहनने जा रही है। मुझे यह जर्सी बहुत अच्छी लगी और यह वास्तव में खुशी की बात है कि हमें वनडे के लिए विशेष जर्सी मिली है।' वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले हरमनप्रीत की अगुवाई वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी जहां वह पांच से 11 दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी। हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय टीम की जर्सी पहनना हमेशा खास होता है क्योंकि इसे हासिल करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। उन्होंने कहा, 'मैं चाहती हूं कि भारतीय प्रशंसक भी यह जर्सी पहन कर गर्व महसूस करें।'




## समाज्ञा व्यापार

### भारत का लक्ष्य दुनिया का सबसे कुशल, भरोसेमंद व्यापारिक केंद्र बनना : राजस्व सचिव



**नयी दिल्ली :** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि भारत का लक्ष्य अधिकृत आर्थिक परिचालकों (एईओ) की भागीदारी का विस्तार करके, एकीकृत मुक्त क्षेत्रों और अभिनव नीतियों को बढ़ावा देते हुए दुनिया का सबसे कुशल और विश्वसनीय व्यापारिक केंद्र बनना है। मल्होत्रा ने यहां वैश्विक एईओ सम्मेलन में समापन भाषण देते हुए कहा, 'हमारा लक्ष्य व्यापारिक सुविधा और वैश्विक संपर्क में नए मानक स्थापित करना है।' उन्होंने आगे कहा कि प्रौद्योगिकी और विश्वास राजस्व विभाग के दो स्तंभ हैं। मल्होत्रा ने कहा कि भारत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर प्रशासन, दोनों में प्रौद्योगिकी को अपना रहा है। अपील, रिफंड और भुगतान सहित अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन हैं। उन्होंने कहा, 'वास्तव में हम हर साल आयात और निर्यात के अरबों बिल बनाते हैं। प्रौद्योगिकी की मदद के बिना ऐसा संभव नहीं है।' उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य अपने सभी बंदरगाहों को स्वचालित बनाना है। इसी तरह, उन्होंने कहा, 'अब हमारा प्रयास है कि सभी बंदरगाहों पर सभी सेवाएं हर समय ऑनलाइन और इलेक्ट्रॉनिक रूप में उपलब्ध कराई जाएं।' उन्होंने कहा कि 20 प्रमुख बंदरगाहों में से 17 पूरी तरह से स्वचालित हैं। पिछले कुछ वर्षों में एईओ कार्यक्रम का विस्तार करना विश्वास-आधारित रणनीति का हिस्सा रहा है।

### व्यापार मेले में 'भारत का शेयर बाजार' मंडप ने स्वर्ण पदक जीता

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 43वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2024 में 'भारत का शेयर बाजार' मंडप ने सार्वजनिक संचार और सूचना प्रसार की श्रेणी के अंतर्गत स्वर्ण पदक जीता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने निवेशक जागरूकता फैलाने के अपने प्रयास के तहत शेयर बाजारों, डिपॉजिटरी और म्यूचुअल फंड उद्योग निकाय एम्फी के सहयोग से 14-27 नवंबर, 2024 तक आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में मंडप की मेजबानी की। शेयर बाजार नियामक ने बयान में कहा कि 14 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान मंडप में निवेशकों को शिक्षित करने और उनके बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बाजार विशेषज्ञों के वार्ता कार्यक्रम, नाटक और कठपुतली कार्यक्रम जैसी कई आकर्षक गतिविधियां आयोजित की गयीं इन गतिविधियों ने जनता को अवैध धन जुटाने की योजनाओं और ऑनलाइन निवेश घोटालों के प्रति आगाह भी किया गया।

### पामतेल कीमत बढ़ने से साबुन की कीमतों में सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि

**नयी दिल्ली :** दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली एचयूएल और विप्रो जैसी प्रमुख कंपनियों ने पामतेल कीमतों में वृद्धि के प्रभाव को कम करने के लिए साबुन की कीमतों में लगभग सात-आठ प्रतिशत की वृद्धि की है। पामतेल, साबुन उत्पाद का एक प्रमुख कच्चा माल है। एचयूएल और टाटा कंज्यूमर जैसी कंपनियों ने हाल ही में चाय की कीमतों में भी वृद्धि की है, क्योंकि अनियमित मौसम के कारण उत्पादन में गिरावट आई है। सितंबर तिमाही के परिणामों के दौरान, कई सूचीबद्ध कंपनियों ने अपने मार्जिन को सुरक्षित रखने के लिए चालू तिमाही में साबुन की कीमतों में वृद्धि का संकेत दिया। ये कंपनियां पामतेल, कॉफी और कोको जैसे जिंस आदानों की लागत में वृद्धि का सामना कर रही थीं।

# शेयर बाजार में रौनक लौटी, सेंसेक्स 759 अंक उछला



**मुंबई :** वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली आने से बाजार में शुक्रवार को अच्छी तेजी रही और सेंसेक्स 759 अंक तथा निफ्टी 217 अंक चढ़कर बंद हुए। विश्लेषकों के मुताबिक, भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज में निचले स्तर पर खरीदारी आने से बाजार में तेजी का माहौल बना। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 759.05 अंक यानी 0.96 प्रतिशत उछलकर 79,802.79 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 880.16 अंक बढ़कर 79,923.90 तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 216.95 अंक यानी 0.91 प्रतिशत चढ़कर 24,131.10 पर बंद हुआ। इस तरह बाजार पिछले सत्र में आई बड़ी गिरावट से उबरने में सफल रहे। सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 1,190.34 अंक गिरकर 79,043.74 और निफ्टी 360.75 अंक टूटकर 23,914.15 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टूब्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन और टाटा मोटर्स सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। दूसरी तरफ पावर ग्रिड, नेस्ले, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और इन्फोसिस के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार की तेजी में अदाणी समूह की ज्यादातर कंपनियों के शेयरों में रही तेजी की भी भूमिका रही। अदाणी ग्रीन एनर्जी में 21.72 प्रतिशत और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 15.56 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में प्रमुख कंपनियों के शेयरों की अगुवाई में व्यापक तेजी रही। दूसरी तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजों से जीडीपी वृद्धि सुस्त पड़ने की आशंका भी तेजी को थाम नहीं पाई। कारोबारी अवधि खत्म होने के बाद जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रही जो साल भर पहले की समान अवधि में 8.1 प्रतिशत थी। छोटी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.76 प्रतिशत एवं मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप सूचकांक 0.31 प्रतिशत चढ़ गया। क्षेत्रवार सूचकांकों में स्वास्थ्य देखभाल खंड सर्वाधिक 2.05 प्रतिशत बढ़ा जबकि दूरसंचार खंड 1.53 प्रतिशत और उपयोगिता खंड 1.46 प्रतिशत की तेजी पर रहा। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 685.68 अंक यानी 0.86 प्रतिशत का उछाल रह जबकि निफ्टी ने 223.85 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की छलांग लगाई। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान की निक्की गिरकर बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर बाजारों में गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को 'थैंक्सगिविंग' के त्योहार पर बंद रहे। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.30 प्रतिशत गिरकर 73.06 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 11,756.25 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी।

## प्रधानमंत्री मोदी का मानना है, महिलाएं देश की आर्थिक वृद्धि को गति देंगी: सीतारमण

**दरभंगा/पटना :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि महिलाएं भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देंगी। उन्होंने कहा कि देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। सीतारमण उत्तर बिहार के दरभंगा में आयोजित एक ऋण मेले में बोल रही थीं। उनके साथ मंत्रिमंडल के सहयोगी चिराग पासवान और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। उन्होंने कहा, 'पहले मोदी जी मुझसे कहते थे कि आम बजट महिला-केंद्रित होना चाहिए। अब उनका कहना है कि बजट ऐसा होना चाहिए, जिसमें महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका में रखा जाए।' बिहार के दो दिवसीय दौरे पर आईं वित्त मंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र मखाना और मधुबनी पेंटिंग के लिए जाना जाता है, और दोनों में महिलाओं की बहुत बड़ी भूमिका है। सीतारमण ने कहा, 'हमने ड्रोन दीदी जैसी परियोजनाएं शुरू की हैं। इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिला उद्यमियों को नकद सहायता दी जा रही है। उन्हें कौशल प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। यहां देवी सीता की जन्मस्थली पर खड़े होकर मैं गर्व से कहती हूं कि महिलाओं के प्रयासों से हमारी अर्थव्यवस्था लगभग डेढ़ साल में पांचवें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी।' इस समारोह में उन्होंने संविधान की मैथिली अनुवाद की प्रतियां भी भेंट कीं। इसके लिए राज्य की एनडीए सरकार ने केंद्र को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।



## न्यूज अपडेट

### सोना 700 रुपये मजबूत होकर 79,400 रुपये पर, चांदी में 1,300 रुपये का उछाल

**नयी दिल्ली :** विदेशी बाजारों में मजबूत रुख और स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली बढ़ने से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये की तेजी के साथ 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। चांदी की कीमत भी 1,300 रुपये उछलकर 92,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। जबकि बृहस्पतिवार को चांदी 4,900 रुपये टूटकर 90,900 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 79,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गया जो बृहस्पतिवार को 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में सकारात्मक रुख और घरेलू मांग में वृद्धि के कारण बाजार धारणा मजबूत हुई, जिससे मुख्यत: सोने की कीमतों में तेजी आई। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, 'वर्तमान भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग के कारण एमसीएक्स पर सोने में सकारात्मक कारोबार हुआ।'

### रुपया 13 पैसे टूटकर 84.60 प्रति डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे की गिरावट के साथ 84.60 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और कमजोर घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों से धारणा प्रभावित हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि महीने के अंत में भुगतान दायित्वों को पूरा करने के लिए आयातकों की डॉलर मांग के कारण रुपये पर दबाव पड़ा, जबकि सरकार द्वारा बाद में जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों ने मुद्रा बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। इससे रुपया अपने रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया।

### अदाणी समूह की नौ कंपनियों के शेयरों में तेजी, अदाणी ग्रीन 21 प्रतिशत से अधिक चढ़ा

**नयी दिल्ली :** अदाणी समूह की बाजार में सूचीबद्ध 11 कंपनियों में से नौ के शेयरों में शुक्रवार को बढ़त दर्ज की गई। बीएसई पर अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर 21.72 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का 15.56 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स का 3.73 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स का 1.94 प्रतिशत, एसीसी का 1.59 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस का 1.03 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज का 1.02 प्रतिशत, एनडीटीवी का 0.60 प्रतिशत और अदाणी विल्मर का 0.05 प्रतिशत चढ़ा। हालांकि, अदाणी पावर के शेयर में 1.01 प्रतिशत और सांघी इंडस्ट्रीज के शेयरों में 0.45 प्रतिशत की गिरावट आई। इस बीच बीएसई सेंसेक्स 759.05 अंक की बढ़त के साथ 79,802.79 और एनएसई निफ्टी 216.95 अंक चढ़कर 24,131.10 अंक पर बंद हुआ।

### कोल इंडिया की अनुषंगी ने राजमहल खदान के कोयले की कीमत बढ़ाई

**कोलकाता/ नयी दिल्ली :** कोल इंडिया की अनुषंगी ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) ने झारखंड के राजमहल क्षेत्र में कोयले की कीमत 450 रुपये से बढ़ाकर 700 रुपये प्रति टन करने की शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि इस कदम से कंपनी को 300 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक लागत बढ़ने का कुछ बोझ उपभोक्ताओं पर डालने का फैसला किया गया है। कीमत बढ़ोतरी का यह फैसला 30 नवंबर से प्रभावी हो जाएगा। ईसीएल के प्रवक्ता ने कहा, 'यह वृद्धि राजमहल कोयला क्षेत्र में टिकाऊ संचालन सुनिश्चित करने के लिए बढ़े हुए लॉजिस्टिक खर्चों को ध्यान में रखने की जरूरत के अनुरूप है।'

वर्ष 9, पूर्णांक 4074 अंक 224, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in